वर्ष- 21 अंक - 248 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शनिवार 21 फरवरी 2026

# भारत पर 10% टैरिफ...

## ट्रंप ने कहा– मोदी महान लेकिन चतुर खिलाड़ी




**नई दिल्ली.एजेंसी। ट्रंप के टैरिफ बम को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने फुस्स कर दिया। कोर्ट के फैसले से ट्रंप बुरी तरह बौखला गए हैं, लेकिन भारत को इससे राहत मिली है। अब भारत पर 18 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।**

इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था, 'भारत व्यापार ढांचे के संबंध में कुछ भी नहीं बदलेगा और वे (भारत) टैरिफ का भुगतान करेंगे और हम टैरिफ का भुगतान नहीं करेंगे।' ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं, लेकिन वे अमेरिका के खिलाफ काफी चतुर थे। भारत हमें लूट रहा था। अब हमने एक निष्पक्ष समझौता किया है। हम उन्हें टैरिफ नहीं दे रहे और वे हमें दे रहे हैं। हमने थोड़ा फ्लिप किया है।'

## ट्रंप का बड़ा दांव! भारतीय मूल के डॉक्टर को मिली 'सुपर' पावर

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से टैरिफ नीति पर झटका मिलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा रणनीतिक फैसला लिया है। भारतीय मूल के डॉ जय भट्टाचार्य को अमेरिका की दो सबसे बड़ी स्वास्थ्य एजेंसियों की कमान सौंप दी गई है। यह पहली बार है जब एनआईएच और सीडीसी दोनों का नेतृत्व एक ही व्यक्ति करेगा। इससे अमेरिकी स्वास्थ्य नीति में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

डॉ. जय भट्टाचार्य 57 साल के डॉक्टर और हेल्थ इकोनॉमिस्ट हैं। कोलकाता में जन्मे भट्टाचार्य बचपन में अमेरिका चले गए थे और वहीं से उन्होंने मेडिसिन और इकॉनमी में हायर एजुकेशन हासिल की। कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने लॉकडाउन का विरोध किया था।

## बस और वैन की टक्कर 5 की मौत, 7 गंभीर



**भिंड.एजेंसी।** भिंड में देर रात एक बस और वैन आमने-सामने से भिड़ गए। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। उधर रायपुर के पास रायपुर-महासमुंद रोड पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई जिससे 2 सगे भाइयों समेत 3 की मौत हो गई।

### राजस्थान हादसे में मंदसौर के तीन लोगों की मौत

**झालावाड़.एजेंसी।** राजस्थान के झालावाड़ में बोलेरो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। बाइक सवार चारों लोग राजस्थान से मध्य प्रदेश जा रहे थे। मृतकों में तीन लोग मंदसौर के बताए जा रहे हैं।

### ट्रॉली में घुसे 6 लोग, 3 की मौत

उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी में लकड़ी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली में दो बाइक सवार घुस हो गए जिससे 3 की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं।

### भिवंडी में कांग्रेस की मदद से मेयर बना भाजपा का बागी

**भिवंडी.एजेंसी।** महाराष्ट्र के भिवंडी में एक नाटकीय राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिली, जहां भाजपा को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके बागी नेता नारायण चौधरी कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के समर्थन से मेयर बनकर उभरे। इस साल जनवरी में हुए 23 वार्डों और 90 सीटों वाले भिवंडी-निजामपुर नगर निगम चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था।

## हाईवे पर दौड़ता रहा जलता हुआ कंटेनर

**संभल.एजेंसी।** संभल जिले में संभल-मुरादाबाद मार्ग पर केमिकल के ड्रमों से भरे एक कंटेनर में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में कंटेनर से उठता काला धुआं आसमान में छा गया। हाईवे पर दौड़ते इस 'बर्निंग ट्रक' को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत चालक को रुकने का इशारा किया। इस दौरान केमिकल से भरे ड्रमों में विस्फोट जैसी स्थिति बनने लगी और आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान ट्रक में रखा केमिकल खेतों में फैल गया और पास में मौजूद आलू की फसल भी आग की चपेट में आ गई।






## आज ब्राजील से ट्रेड डील करेंगे मोदी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान भारत-ब्राजील के बीच ट्रेड डील पर मुहर लग सकती है। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच व्यापारिक समझौते (ट्रेड डील) को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, जिसमें क्रिटिकल मिनरल्स, रेयर अर्थ्स, डिफेंस, एनर्जी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे क्षेत्रों पर खास फोकस है।

## इजराइल से बड़ी रक्षा डील करेगा भारत

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी 25-26 फरवरी को इजरायल के दौरे पर जाएंगे। जहां पर एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल, लेजर हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलों पर भारत-इजरायल के बीच बड़ी डील होने वाली है।

### सेंसर बंद कर पाकिस्तान सीमा में 8 दिन घूमता रहा ईरान से जुड़ा तेल टैंकर

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक बल ने 6 फरवरी को मुंबई के तट से अमेरिकी प्रतिबंधों के तहत ईरान से जुड़े तीन तेल टैंकरों को जब्त किया था। 15 फरवरी को मुंबई में दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, इसमें से जब्त एक एस्फाल्ट स्टार जहाज 20 से 28 जनवरी के बीच पाकिस्तान की समुद्री सीमा में बिना किसी पहचान के घूम रहा था। टैंकरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए ऑटोमेटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और अन्य सेंसर बंद कर दिए थे।

### ईरान ने मार गिराया अपना ही फाइटर जेट!

**तेहरान.एजेंसी।** पश्चिमी ईरान के हमेदान के पास ईरान एयर फोर्स के एफ-4ईफैंटम-द्वितीय मल्टी-रोल फाइटर जेट के क्रैश होने का दावा किया गया है। ईरान एयर फोर्स के स्रोतों का कहना है कि ये क्रैश आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के हमले के कारण हुआ। एयर डिफेंस सिस्टम ने गलती से अपने ही विमान को निशाना बनाया। इस दुर्घटना में एक जांबाज पायलट की जान चली गई जबकि दूसरा पायलट सफलतापूर्वक इजेक्ट कर बच निकला।

## दिल्ली को धमाके से दहलाने की साजिश

**नई दिल्ली.एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा लालकिले के आसपास धमाके की साजिश रच रहा है और चांदनी चौक स्थित एक प्रमुख मंदिर इन आतंकियों के निशाने पर है। धमाके की साजिश का पता लगते ही लाल किला, चांदनी चौक और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# भागीरथपुरा की घटना पर विधानसभा में खूब हंगामा

# केवल एक मौत का हुआ पोस्टमार्टम इसलिए कारण का दावा नहीं

## कांग्रेस ने बार-बार कहा आखिर कौन है जिम्मेदार, इस्तीफा दो और मुकदमा दर्ज करो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश विधानसभा में कल शुक्रवार का दिन भागीरथपुरा की घटना के नाम पर रहा। इस घटना पर कांग्रेस के विधायकों के द्वारा प्रस्तुत किए गए स्थगन प्रस्ताव को मंजूर किया जाए या नहीं इसी पर चर्चा हो सकी। इस चर्चा में यह खुलासा हुआ कि भागीरथपुरा में मरने वाले लोगों में से केवल एक व्यक्ति की मौत के बाद ही उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। ऐसे में सभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस ने सदन में बार-बार कहा कि आखिर इस घटना का जिम्मेदार कौन है वह इस्तीफा दे और आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

विधानसभा में कल भागीरथपुरा के मामले को लेकर हमले की कमान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के हाथों में थी। उनके साथ उप नेता हेमंत कटारे, पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री जयवर्धन सिंह ने सरकार पर तीखे हमले किए।

कांग्रेस के विधायकों का कहना था कि सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर लोगों की मौत क्यों हुई। इसके साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार कौन है। इन विधायकों का कहना था कि इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गी और प्रभारी मंत्री मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। इस मामले की चर्चा के दौरान सदन में कई बार दोनों पक्ष के विधायकों के बीच गर्मागर्मी भी हुई। भाजपा की ओर से सीता शरण शर्मा ने प्वाइंट आफ ऑर्डर के माध्यम से यह कहा कि जब इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका लगी हुई है, न्यायालय के द्वारा न्यायिक जांच आयोग बना दिया गया है तो फिर इस मामले पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती है।

इसे लेकर कांग्रेस के विधायकों का कहना था कि पहले भी सदन में ऐसे सारे मामलों पर चर्चा हुई है जो कि न्यायालय में विचाराधीन रहे हैं। कांग्रेस के विधायकों के द्वारा विभागीय मंत्री से स्थिति की मांग पर भाजपा की ओर से यूनियन कार्बाइड हादसे से लेकर अन्य घटनाओं को उल्लेखित करते हुए पूछा गया कि क्या उस समय पर कांग्रेस के किसी मंत्री ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्ष के विधायकों के बीच टकराहट की स्थिति रही।

कांग्रेस के विधायक लखन घनघोरिया तो अपने साथ में जबलपुर में विभिन्न क्षेत्रों से पानी के नमूने की बोतल लेकर पहुंचे थे। उनका कहना था की बात केवल इंदौर की और भागीरथपुरा की ही नहीं है पूरे प्रदेश में सरकार पीने योग्य पानी नहीं दे पा रही है। कांग्रेस की ओर से यह भी कहा गया कि संविधान में जीवन जीने का अधिकार है और जीवन जीने के लिए स्वच्छ पानी देना सरकार की जिम्मेदारी है। मध्य प्रदेश सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पा रही है।

### पानी के नमूनों की रिपोर्ट सदन में सुनाई

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जो पानी के नमूने की जांच की थी उसकी रिपोर्ट सदन में सुनाई। उन्होंने कहा कि खजराना हो या भूरी टेकरी या कोई दूसरा वार्ड हो मैंने जहां भी जाकर पानी के नमूने लिए और उसकी जांच करवाई तो वहां की रिपोर्ट यह बताती है कि पानी दूषित है। ऐसे में बात केवल भागीरथपुरा की नहीं है, पूरे इंदौर की है।

### केवल अधिकारी ही जिम्मेदार कैसे

विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि जब इंदौर को स्वच्छता का पुरस्कार मिलता है तो दिल्ली में इनाम लेने के लिए नेता और मंत्री जाते हैं। ऐसे में यदि हादसा हुआ है तो उसके लिए केवल अधिकारी ही जिम्मेदार कैसे हो सकते हैं। नेता और मंत्री अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं। इस मामले की बहस के दौरान विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस घटना की जिम्मेदारी स्वीकारी। वह बार-बार नैतिकता का वास्ता देते हुए यह कहते रहे कि यह मामला राजनीति करने का नहीं है। जब यह घटना हुई थी उस समय पर भी वहां जाकर लोगों के दुख में सहभागी बनना था लेकिन कांग्रेस राजनीति कर रही थी।





# एमआईसी सदस्य ने निभाई 6 घंटे तक खड़े रहकर ड्यूटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## बड़ा लीकेज ढूंढने के लिए अधिकारियों के साथ रहे तैनात

एमआईसी सदस्य जल समिति के अध्यक्ष बबलू शर्मा कल शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक राजीव गांधी चौराहा के समीप नर्मदा जल वितरण का बड़ा लीकेज ढूंढने के लिए अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। निगम तो 3-4 दिन का हवाला लीकेज का कह रहा है, लेकिन लोगों का कहना है कि 15 दिन से यहां पानी लीकेज हो रहा है। कर्मचारियों ने पूर्व में भी इस लीकेज को ढूंढने की कोशिश की, रोजाना कई गैलन पानी यहां से बह रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों और बबलू शर्मा की मौजूदगी के कारण बड़ी टीम कल राजीव गांधी चौराहा पर लगी और खुद एमआईसी सदस्य करीब 6 घंटे एक ही जगह पर लीकेज ढुंढवाने के लिए मौजूद रहे। इसकी जानकारी क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा को भी दी गई थी, उन्होंने भी अधिकारियों को तत्काल लीकेज ढूंढकर बंद करवाने की हिदायत दी थी। बताया गया कि राजीव गांधी चौराहा के समीप 1100 एमएम की पाइप लाइन फूट गई, जिससे रोजाना कई गैलन पानी सड़क पर बह रहा था। कल भी देर रात तक लीकेज ठीक करने का काम चलता रहा।

# मंत्री इस्तीफा दें, महापौर को बर्खास्त किया जाए -भंवरसिंह शेखावत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



इंदौर के भागीरथपुरा में हुई कई लोगों की मौत का मुद्दा कल विधानसभा में उठा और सदन में भागीरथपुरा का मुद्दा उठाया जाए, चर्चा की जाए यह मांग कांग्रेस ने की थी, लेकिन सदन में चर्चा नहीं की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी स्वीकृति नहीं दी। उसके बाद इंदौर से जुड़े बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत जो भाजपा से कांग्रेस में आए हैं उन्होंने सदन से बाहर आकर मीडिया से चर्चा में तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि भागीरथपुरा मुद्दे पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा हो और महापौर पुष्यमित्र भार्गव को बर्खास्त किया जाए। भागीरथपुरा मुद्दे पर जो-जो दोषी अधिकारी है उन पर एफआईआर दर्ज की जाए। विधायक सचिन यादव ने भी कहा कि 35 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और फिर भी सदन में चर्चा नहीं की जा रही है। पानी जैसी चीज से मौतें हुई है और सरकार आंकड़े कम बता रही है। कुल मिलाकर कल विधानसभा में कांग्रेस ने सदन में चर्चा के लिए बहुत कोशिश की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी स्वीकृति नहीं दी। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि दो-दो लाख रु. कुछ लोगों को मिले हैं और प्रशासन केवल 22 मृत्यु बता रहा है। विधायक सचिन यादव ने तो मौत का आंकड़ा 35 से अधिक बताया। वहीं भांडेर कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया ने भी इंदौर के मुद्दे को सदन में उठाने की कोशिश की, बाहर आकर मीडिया से भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि इंदौर में एक भी विधायक कांग्रेस का नहीं है इसलिए इंदौर की आवाज इंदौरी जनप्रतिनिधि विधानसभा में नहीं उठा पाए, बाकी सब भाजपा के हैं इसलिए भाजपाई विधायक सदन में इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहे।

# सामाजिक संसद में महावीर जयंती के पहले पदाधिकारी बनना शुरू



## बाकलीवाल ने बढ़ाया पदाधिकारियों का कुनबा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद में दो पूर्व अध्यक्षों ने एकजुट होकर चुनाव के लिए समन्वयक बने विनय बाकलीवाल को ही सामाजिक संसद का अध्यक्ष बना दिया था। कासलीवाल खेमे ने अपने राजनीतिक मोहरे फेंटकर विरोध शुरू कराया था और मंदिरों के सदस्यों के माध्यम से चुनाव की प्रक्रिया कराने की बात शुरू की थी और उस प्रक्रिया को गति नहीं मिली। अब विनय बाकलीवाल ने अपनी सामाजिक संसद के कुनबे को बढ़ाने के लिए पदाधिकारी बनाना भी शुरू कर दिया है। बाकलीवाल ने देवेंद्र सोगानी को महामंत्री,जैनेश झांझरी को संगठन महामंत्री,पिंकेश टोंग्या को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। विनय बाकलीवाल ने बताया कि इसके अलावा परम् संरक्षक,संरक्षक, कार्यवाहक अध्यक्ष, कार्याध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, सहमंत्री, प्रवक्ता, कार्यकारिणी मेम्बर के रूप में 100 से अधिक सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। महावीर जयंती स्वर्णरथ यात्रा हेतु संयोजको की भी घोषणा की गई। शीघ्र ही जिनालय अध्यक्ष,मंत्री और प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई जाकर स्वर्णरथ सारथी की घोषणा भी की जाएगी। किसी भी अन्य चुनाव की घोषणा समाज मे विघटन की कार्यवाही मानी जाएगी ऐसी घोषणा ही सामाजिक संसद के विधान के विपरीत असंवैधानिक है।

# भाजपा नेत्रियों ने एक ही पुतले पर सिंघार और पटवारी का मुखौटा लगा दिया

## भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा लाश पर राजनीति बंद करे कांग्रेस







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस ने कल 24 ब्लॉक और दो महिला नेत्रियों के अलावा जिला कांग्रेस ने तीन जगह पुतला जलाने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने एक दिन पहले घोषणा की थी उसके बाद भाजपा की महिला मोर्चा ने भी मैदान संभाल लिया था और भोपाल में सालोंसाल पहले भोपाल गैस कांड में कांग्रेस सरकार को घेरते हुए पुतला जला दिया। महिला नेत्रियों ने विधानसभा में उमंग सिंघार के बयान और इधर जीतू पटवारी के बयान को लेकर भी मुद्दा बनाते हुए पुतला जलाया। एक ही पुतले पर दो चेहरे भाजपा की मातृशक्तियों ने लगा दिया, एक विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार का तो दूसरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का मुखौटा था। राजवाड़ा पर यह पुतला जला तो इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी पहुंच गए थे। मिश्रा ने कहा कि भागीरथपुरा मुद्दे पर मृतक हुए लोगों की लाशों पर कांग्रेस गलत राजनीति कर रही है। इंदौर को कांग्रेस पूरे प्रदेश में बदनाम कर रही है। महिलाओं ने पुतले को चप्पल से भी पीटा और जलने के बाद और पहले भी अपने पैरों से भी पुतले को रौंदा। सुमित मिश्रा, शैलजा मिश्रा, भूपेन्द्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, रूपाली अरुण पेंढारकर, मंजू ठाकुर, कंचन गिदवानी, वृंदा गौड, विशाल यादव, वरुण पाल, सर्वजीत गौड, निशा यादव, कविता यादव, सुधा सुखयानी, माधुरी जायसवाल, शिवानी अड़सपुरकर, शीला गुप्ता, सुनीता गुरंग, लीना तिवारी, सुनीता जयपाल, सुनीता पिपलोदिया, राधा कुशवाह, देविका कौशल, गायत्री कुमावत, नारायणी बरेठा, हरविंदर कौर, इंद्रा गेहलोत, पुष्पा चौधरी, दीपा श्रीवास्तव, आभा जानी, इंदु शर्मा, मोनिका सबनीस, मनोरमा शर्मा, परमजीत कौर, संगीता जायसवाल, दीपा गौड़, रिंकी रायकवार, रचना रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं। वहीं भागीरथपुरा से सोना चौरसिया, लक्ष्मी वर्मा, गीता यादव, अनिता छाबड़ा, छाया रावल, विजेता, मंजू ठाकरे, पूजा मिश्रा, मीना यादव, राधा केथुनिया शामिल हुई।

# कांग्रेस ने जलाए मंत्री के पुतले तो देखती रही पुलिस

## कुछ जगह बाद में राख की सफाई करवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



शहर कांग्रेस ने कल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के 24 ब्लॉक में पुतले जलवाए। शहर और जिला महिला कांग्रेस ने भी दो जगह पुतले का आयोजन किया। जिला कांग्रेस ने भी तीन जगह मंत्री विजयवर्गीय के पुतले जलाए। इस तरह कुल 29 जगह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान के बाद विरोध के स्वर गूंजे और पुतले जले। कई जगह कांग्रेसियों ने विजयवर्गीय के पुतले पर चप्पल-जूते भी चलाए। हर जगह पुलिस खड़ी रही और पुतला दहन होने तक चुप्पी बनी रही। पुतला दहन के बाद पुलिस ने कुछ जगह लोगों से तो कुछ जगह निगम के सहयोग से पुतले की राख को हटवाकर सफाई करवाई। कांग्रेसियों को उम्मीद थी कि मंत्री का पुतला जलाएंगे तो पुलिस रोक-टोक करेगी, लेकिन कहीं भी ऐसा नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि मंत्री विजयवर्गीय ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के लिए तीखी भाषा बोली थी और उसी के बाद मुख्यमंत्री ने खेद प्रकट किया था, लेकिन विजयवर्गीय ने माफी नहीं मांगी थी इसे कांग्रेस ने प्रदेश भर में मुद्दा बनाया और प्रदेश कांग्रेस ने शहर और जिला कांग्रेस को भी पुतला दहन के निर्देश दिए थे। खुद चिंटू चौकसे ने पुतला दहन कर वहां मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा भी मांगा और चौकसे ने विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे गुंजाए तो वहां मौजूद कांग्रेसियों ने भी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कांग्रेसियों ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफे की मांग की और सरकार से महापौर को बर्खास्त करने की भी गुहार लगाई। अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र मौर्य, प्रेम वर्मा, तरुण कुमायू, जितेन्द्र पाटिल, विपिन यादव, शुभम यादव, आशुतोष पाण्डे, अक्षय गब्बर पंवार, राहुल धाकड़े, शिवलाल गुर्जर, नीलेश सेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, नीलेश पटेल, सुनील पाल, जतिन थोरात, रविकांत मिश्रा, शैलेष जैन, आकाश कुशवाह, संतोष यादव, दिलीप सुरागे, अजय झा, महिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सोनीला मिमरोट, रीटा डागरे ने भी अपने दायित्व निभाए और विजयवर्गीय का पुतला कांग्रेसियों को साथ लेकर जलाया। राजेश चौकसे, संजय बाकलीवाल, दीपू यादव भी मौजूद रहे।

# भाजपा के युवा आज दोपहर करेंगे कांग्रेस कार्यालय का घेराव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने बताया कि दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के खिलाफ आज 21 फरवरी को दोपहर 1 बजे भाजयुमो कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर आक्रामक प्रदर्शन करेगा। मिश्रा ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की तकनीकी क्षमता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई में नेतृत्व की सराहना कर रहा है तब राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी घटिया कार्यशैली का परिचय देते हुए भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के स्थल के अंदर अर्धनग्न प्रदर्शन कर भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। इस प्रकार के प्रदर्शन से पूरे राष्ट्र का सिर शर्म से झुका है, जिसका विरोध आज युवा मोर्चा कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर प्रदर्शन कर करेगा। प्रदर्शन को आक्रामक करने की बात भी मिश्रा ने कही है।

**बनाया दिल्ली अर्धनग्न प्रदर्शन के खिलाफ मुद्दा**

## कांग्रेस भी देगी गांधी भवन में युवा मोर्चा को जवाब

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा के युवा मोर्चा द्वारा पहले भी गांधी भवन पर कार्रवाई की जा चुकी है, कालिख भी पोती जा चुकी है और अब आज दोपहर 1 बजे फिर युवा मोर्चा ने गांधी भवन पर आक्रामक प्रदर्शन की चेतावनी दी है। आज सुबह से कांग्रेसियों ने ब्लॉक स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक के कांग्रेसियों को फोन घनघनाए और सभी को दोपहर 12 बजे तक कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पहुंचने के दिशा-निर्देश दिए गए, अगर कांग्रेसी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और भाजपाई गांधी भवन आते हैं तो आज टकराव की स्थिति भी बन सकती है। समाचार लिखे जाने तक भी कांग्रेसियों को फोन गांधी भवन आने के लिए लगाए जा रहे हैं।

**दोपहर में हो सकते हैं आमने-सामने, कांग्रेसियों को कार्यालय बुलवाया**




# जिला कांग्रेस ने जलाया तीन जगह पुतला

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का तीन जगह पुतला दहन करवाया। दो पुतले खंडवा रोड पर तो एक पुतला क्षिप्रा ब्लॉक में जलाया। दिनेश मल्हार, भूपेन्द्र गुर्जर, पदम मसकरा, कुणाल सोलंकी, अजय झा सहित अन्य मौजूद थे।

# सेठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के दौरान टूटी टेबल बाल-बाल बचे कांग्रेस नेता बागड़ी और जैन समाज के डोसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाशचंद सेठी की आज पुण्यतिथि है और पीसी सेठी अस्पताल में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने कांग्रेसजन और जैन समाज के लोग पहुंचे। माल्यार्पण के लिए एक प्लास्टिक की टेबल पर एक साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद बागड़ी और जैन समाज से जुड़े दिलीप डोसी चढ़ गए, इस दौरान वह टेबल टूट गई, जिससे बागड़ी और डोसी गिरे जिन्हें संभाल लिया गया। यह तो गनीमत है कि उन्हें चोटें नहीं आई और सुरक्षित रहे। वापस से माल्यार्पण का कार्यक्रम शुरू हुआ और सभी ने सेठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विनयांजलि सभा भी रखी गई। दिगम्बर जैन सामाजिक संसद, सेठी विचार मंच और कांग्रेस नेता मौजूद रहे। संजय बाकलीवाल, अरविंद बागड़ी, अर्चना जायसवाल, कृपाशंकर शुक्ला, जैनेश झांझरी, दिलीप राजपाल, निर्मल कासलीवाल, एमके जैन, डीके जैन मौजूद थे। दिगम्बर जैन सामाजिक संसद की राजनीति करने वाले सभी खेमे के प्रमुख पदाधिकारी नदारद रहे।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 4 पर भी

# मंत्रियों का अहंकार लोकतंत्र के लिए खतरा–कांग्रेस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा लगातार गलत टिप्पणी की जा रही है जिनमें कुछ तो अभद्र भी है। यह टिप्पणियां लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन हैं, बल्कि यह उनके अहंकार और सत्ता के दुरुपयोग का स्पष्ट प्रमाण भी हैं। हाल ही में सदन के भीतर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार जी के प्रति 'अपनी औकात में रहो' जैसी टिप्पणी करना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। क्या यही भाजपा के संस्कार और संस्कृति हैं? लोकतंत्र में विपक्ष का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी होती है, न कि उसका अपमान करना। यह कोई पहला अवसर नहीं है। पूर्व में कैलाश विजयवर्गीय द्वारा महिलाओं के संदर्भ में आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की गईं। पत्रकारों के प्रश्न पूछने पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दी। भागीरथपुरा जैसी गंभीर घटनाओं पर भी संवेदनहीन रवैया अपनाया गया। भाजपा के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को 'भिखारी' कहना आम नागरिकों का अपमान है। मंत्री विजय शाह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के विंग कमांडर सोफिया कुरैशी के संदर्भ में दिए गए आपत्तिजनक बयान पर पूरे देश में विरोध हुआ। इसके अतिरिक्त, पत्रकारों के साथ मारपीट, अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार, तथा खुलेआम नशे के कारोबार और देर रात तक चलने वाले पब संस्कृति को संरक्षण देने के आरोप भाजपा शासनकाल की विफलताओं को उजागर करते हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 में बढ़ते नशे के कारोबार और कानून-व्यवस्था की गिरती स्थिति पर सरकार मौन क्यों है? भाजपा सरकार जनता की समस्याओं—दूषित पेयजल, बढ़ते अपराध, और अव्यवस्था—पर ध्यान देने के बजाय सत्ता के अहंकार में चूर दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री द्वारा माफी मांगने के बाद भी यदि मंत्री यह कहें कि 'क्या हुआ, माफी मांग ली तो क्या', तो यह सीधा-सीधा लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी यह मांग करती है कि: संबंधित मंत्रियों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा लिया जाए। सदन में अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। पत्रकारों और अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। भाजपा के नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र में सत्ता स्थायी नहीं होती। जनता अहंकार का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देना जानती है। उक्त पूर्ण जानकारी आनंद जैन कासलीवाल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एवं पूर्व प्रवक्ता द्वारा दी गई है।

# विधायक समर्थक के कब्जे पर महिलाओं का ज्ञापन





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर विधानसभा से जुड़े गांधी नगर नया बसेरा में काली माता मंदिर के पास टीन शेड डालकर वहां अतिक्रमण कर लिया गया है। कुछ लोगों का पानी भी वहां बंद हुआ है, जिससे महिलाएं परेशान हो उठी है। आरोप लगा कि विधायक मनोज पटेल के समर्थक ने टीन शेड लगाकर कब्जा किया है। इस कब्जे के बाद भी महिलाओं ने कब्जा करते समय भी विरोध किया था और निगम व अन्य को भी इस मामले में जानकारी दी गई थी, लेकिन विधायक का नाम लेकर कब्जा हुआ तो अधिकारी और कर्मचारियों की हिम्मत नहीं हुई कि उस कब्जे को हटा लें। ज्ञापन देने वाली महिलाएँ दीपिका बौरासी, भेरू, सोनू, अंगूरी, हजारी, भंवरी, राजू, जमुना चौहान, निर्मला, सिद्धू ने खुले रूप से मनोज पटेल समर्थक अनिल साठे का नाम भी लिया और कहा कि भाजपा के नाम पर कब्जे का काम हो रहा है, जहां कब्जा किया वहां टेंट का सामान भी रखा जाएगा यह भी कब्जाधारी द्वारा कहा गया। महिलाओं ने कहा कि जब हम विरोध करने गए तो हमारे साथ मारपीट भी की गई। कुछ ने कहा कि कब्जाधारी ने विधायक के अलावा सांसद का भी नाम लिया और कहा कि मैं भी चुनाव में मेहनत करता हूं तो नेता भी मेरे काम आते हैं। वीडियो में महिलाएं भाजपा नेता अनिल साठे के खिलाफ खुलकर बोलते दिखी। महिलाओं ने साफतौर से चेतावनी दी कि अगर पुलिस और प्रशासन ने कब्जाधारी शेड नहीं हटाया, हमारा पानी शुरू नहीं कराया तो हम आन्दोलित हो जाएंगे और इंदौर में जब मुख्यमंत्री आएंगे तो उन्हें भी वस्तुस्थिति बताई जाएगी।



# नवीनीकरण टर्मिनल से फ्लाइट ऑपरेट करने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर विमानतल पर अभी जो टर्मिनल है उसकी क्षमता लगभग पूरी हो चुकी है। अब पुराने टर्मिनल का नवीनीकरण कर वहां से भी फ्लाइट्स ऑपरेट करने की तैयारी कर ली गई है। इस टर्मिनल के नवीनीकरण के लिए लगभग 50 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत हुई थी। पुराने टर्मिनल से छोटे हवाईजहाजों की उड़ाने संचालित होगी और इसी जगह से वीआईपी मूमेंट भी किया जाएगा। इससे वर्तमान टर्मिनल पर यात्रियों को होने वाली भीड़ और असुविधा में कमी आएगी। इस मामले में सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट पर 'उड़ान कैफे' का भी शुभारंभ किया जाएगा, जिससे यात्रियों को बेहतर खान-पान की सुविधा उचित दामों पर मिलेगी। वर्तमान टर्मिनल में अक्सर फ्लाइट लेट होने की स्थिति में यात्रियों को खड़े रहना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए 200 नई सीटें भी लगाई गई हैं, ताकि यात्रियों को प्रतीक्षा के दौरान अधिक सुविधा मिल सके। लालवानी ने यह भी बताया कि उन्होंने केन्द्रीय मंत्री राममोहन नायडू से भी इंदौर विमानतल के मुद्दे पर चर्चा की थी। नायडू अप्रैल माह में इंदौर आएंगे। सांसद ने यह भी बताया कि पुराने टर्मिनल के उपयोग से न केवल यात्री सुविधा बढ़ेगी, बल्कि एयरपोर्ट की संचालन क्षमता भी मजबूत होगी।

# पटवारी और कांग्रेसियों का ध्यान राहुल गांधी के भोपाल आगमन पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

24 फरवरी को राहुल गांधी कांग्रेस द्वारा ट्रेड फेयर डील के विरोध में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए भोपाल आ रहे हैं। आमंत्रण तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी भेजा है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का ध्यान राहुल गांधी के भोपाल आगमन पर लगा है। इसके लिए जिम्मेदारियां भी तय की गई है, रैली में भीड़ भी जुटाना है। बताया जा रहा है कि इंदौर से भी कांग्रेसी भोपाल निकलेंगे। इसे लेकर कल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा कर जानकारी भी दी थी।

# आज शहर में पानी की 60 टंकी खाली रही

## आधे से ज्यादा शहर रहा प्यासा, कल से सप्लाई सामान्य होने की उम्मीद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज शहर में नागरिकों के घरों तक पानी पहुंचाने वाली 60 टंकी खाली रही है। इसके परिणाम स्वरूप आधे से ज्यादा शहर में जल वितरण नहीं हो सका है। नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज लगातार दूसरा दिन है जब नल में पानी नहीं आया है।

नगर निगम की नर्मदा परियोजना इकाई के द्वारा नर्मदा की लाइन में मेंटेनेंस का काम को करने और 60 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए लगाए गए प्लांट को नर्मदा लाइन की मोटर से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस काम के लिए दो दिन का शटडाउन लिया गया था। यह काम तो कल शाम को पूरा हो गया लेकिन जैसे ही लाइन चालू करने लगे वैसे ही नर्मदा पेयजल योजना के तीसरे चरण की लाइन फूट गई। अब इस लाइन की मरम्मत का काम कल रात को शुरू किया गया है। अभी यह काम चल रहा है। नर्मदा परियोजना के अधिकारियों का कहना है कि आज रात तक इस काम के पूरा हो जाने की उम्मीद है।

इस लाइन के फूट जाने के कारण आज आज नर्मदा पेयजल योजना के तीसरे चरण से मिलने वाला पानी इंदौर को नहीं मिल सका। इस चरण में आने वाले पानी से शहर में 60 टंकी में पानी भराया है जो कि उन टंकी के सप्लाई वाले क्षेत्रों में भेजा जाता है। नर्मदा पेयजल योजना के तीसरे चरण की पाइप लाइन के खराब हो जाने के कारण उक्त सभी टंकियां से ज़लप्रदाय नहीं हो सका। इसके चलते नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। ध्यान रहे कि पूरे इंदौर शहर में 105 टंकी के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाता है इसमें से 60 टंकी से आज काम नहीं हुआ और शेष 45 टंकी से जल प्रदान किया गया है।

### अब शुरू होगा सोलर प्लांट

अब नगर निगम के द्वारा जलूद में बनाया गया सोलर प्लांट काम करना शुरू कर देगा। इसके परिणाम स्वरूप सूरज की रोशनी से हर दिन 60 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली को नर्मदा के पानी को पंपिंग करने के काम में लगाया जाएगा। इस बिजली के उपयोग से नगर निगम को करीब 5 करोड़ रुपए प्रति माह की बिजली के बिल में बचत हो सकेगी।

# भाजपा खेल प्रकोष्ठ में यादव को जिम्मेदारी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश भाजपा के श्याम महाजन ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर प्रकोष्ठ में संगठनात्मक नियुक्तियां की है। इन्दौर के मानसिंह यादव को प्रदेश स्तर के खेल प्रकोष्ठ में संयोजक बनाया गया है। वहीं चिकित्सा प्रकोष्ठ में हरदा के डॉ. विशाल बघेल को एवं महिला एवं स्वसहायता समूह प्रकोष्ठ में भिंड की ममता भदौरिया को बनाया गया है। इन्दौर के और भी भाजपा नेताओं को इन नियुक्तियों से उम्मीद लगी हुई है।




# विधायक, एमआईसी सदस्य ने शुरू कराया आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज सुबह गोमा की फेल मालवा मिल पर विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया और भाजपा नेता अनूप शुक्ला ने रहवासियों के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरूआत की और बकायदा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक के शुभारंभ पर बैलून लगाकर सजावट भी की गई।**

# राजस्व लक्ष्य पूरा करने के लिए सुबह 7 बजे से मैदान में उतरेंगे एआरओ

## नगर निगम आयुक्त ने जारी किए आदेश 1200 करोड़ का लक्ष्य करना है पूरा

## आपसी खींचतान खत्म करने के दिए निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम का राजस्व अमला बीते तीन माह से एआरओ और अपर आयुक्त के बीच चल रही आपसी खेतान के कारण चर्चा में है, जिसके कारण नगर निगम के राजस्व का नुकसान हो रहा है क्योंकि राजस्व विभाग के मुखिया के खिलाफ अतिरिक्त राजस्व अधिकारियों ने मोर्चा खोला हुआ है लेकिन यह आपसी खींचतान निगम को बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं और राजस्व वसूली का केवल एक माह अब बचा हुआ है ऐसी स्थिति में आपसी समन्वय कायम करने के लिए निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने पहल शुरू कर दी है।**

नगर निगम को सालाना 1200 करोड रुपए का राजस्व एकत्रित करना है लेकिन आपसी विवाद में यह संभव नहीं है, राजस्व समिति प्रभारी द्वारा इसमें मध्यस्थता की गई है। उन्होंने अपने कार्यालय में अपर को बुलाया और सभी की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नगर निगम के राजस्व विभाग के मुखिया होने के नाते उपायुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव को सहायक राजस्व अधिकारियों की समस्याएं सुलझानी चाहिए एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए वहीं सहायक राजस्व अधिकारियों को समझाइश देते हुए कहा कि मुखिया के निर्देशों का पालन करना सहायक राजस्व अधिकारियों का प्रथम कर्तव्य है, यदि कोई समस्या है तो यहां वहां नहीं बताते हुए सीधे विभाग प्रमुख को बताई जाए।।

राजस्व समिति के प्रभारी निरंजन सिंह ने सभी सहायक राजस्व अधिकारियों से कहा कि फिलहाल काम पर ध्यान दिया जाए क्योंकि राजस्व एकत्रीकरण का केवल एक माह का समय शेष है जो समस्या है वह एक माह बाद भी बैठकर सुलझा ली जाएगी फिलहाल समय गंवाने से अच्छा है राजस्व वसूली पर ध्यान दिया जाए। वर्तमान में संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष से कम है। वहीं केवल मार्च माह में लगभग 500 से 600 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया है तभी सालाना 12 करोड़ रुपए का टारगेट पूरा किया जा सकेगा। वहीं दूसरी ओर नगर निगम आयुक्त ने सहायक राजस्व अधिकारियों पर सख्ती करते हुए प्रतिदिन सुबह 7 से 9 तक नगर निगम मुख्यालय में आयोजित होने वाली बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। जिसके लिए पिछले दिनों उन्होंने आदेश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि इस 2 घंटे की बैठक में सभी अपने-अपने लक्ष्य और टारगेट करेंगे दूसरे दिन इसकी समीक्षा होगी और वसूली में जहां बाधाएं उत्पन्न हो रही है वहां वरिष्ठ अधिकारी संपर्क करेंगे इसके अलावा 85 वार्ड के पार्षद-विधायक और महापौर का भी सहयोग लक्ष्य को पूरा करने में लिया जाएगा। टारगेट को पूरा करने के लिए शहर के नए विकसित हो रहे क्षेत्र में वसूली पर फोकस किया जा रहा है। यहां पर नए मकान, दुकान, शॉपिंग कंपलेक्स सहित अन्य संपत्तियां तेजी से बढ़ रही है, नगर निगम सीमा से सटे हुए सहायक राजस्व अधिकारियों को विशेष तौर पर ऐसी संपत्तियों के खातों की जांच करने एवं नए खाता खोलने के निर्देश दिए हैं निगम आयुक्त ने कहा कि अगर ऐसी प्रॉपर्टी पर फोकस किया जाएगा तो लक्ष्य आसानी से 1200 करोड रुपए नगर निगम के खाते में मार्च माह में पहुंच सकेंगे।

# व्यापारियों को हद में करने पहुंचे अधिकारी तो गिरे शटर

## पहले व्यापारी लाए थे अधिकारियों को फुटपाथ कब्जा से मुक्त करने के लिए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



**राजवाड़ा क्षेत्र में फुटपाथ, रोड पर माल बेचने वालों की कमी नजर नहीं आती है, विगत कुछ दिनों से पुलिस की टीम को इस क्षेत्र के व्यापारियों ने ही बुलवाकर व्यवस्था को चाकचौबंद करने की सफल कोशिश भी की थी। पुलिस को वाहवाही भी मिली थी कि उन्होंने राजवाड़ा को पैदल चलने लायक बनाया। अब निगम की टीम ने कल व्यापारियों को ही उनके साइबान तक की हद दिखाई तो व्यापारी भड़क उठे और दुकानों के शटर गिरा दिए।**



व्यापारियों का कहना था कि निगम की रिमूव्हल टीम ने कार्रवाई के दौरान अभद्र व्यवहार किया और उसी के बाद नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह को व्यापारियों ने मौके पर बुलवाया। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों की मौजूदगी में अधिकारी से चर्चा हुई और दुकान के बाहर की हद सीमा भी तय की गई, जो व्यापारी दुकान के साइबान से बाहर शटर के बाहर तक डिस्प्ले करते थे, डमी रखते थे, कपड़ों के स्टैण्ड लगाते थे उन्हें अन्दर तक की हिदायत दी गई, अब यह तय हुआ कि फुटपाथ व सड़क को पूरी तरह खुला रखा जाएगा ताकि यातायात और पैदल राहगीर को असुविधा ना हो। व्यापारियों ने कहा कि क्या खजूरी बाजार, यशोदा माता मंदिर रोड और राजवाड़ा ही दिख रहा है। निगम को निहालपुरा, अटाला बाजार, कानूनगो बाखल, शिव विलास क्षेत्र नहीं दिखता है क्या, तो कुछ व्यापारी बोले कसेरा बाजार के व्यापारी तो बाहर आधे रोड तक दुकान लगा लेते हैं। पीपली बाजार में होलसेल व्यापारी बाहर तक माल पटक देते हैं। वहां निगम को कुछ दिखाई नहीं देता है। निहालपुरा में 10 से 15 फीट तक पक्के ओटले बने हुए हैं। इधर अपर आयुक्त ने दो टूक कहा कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान लगातार जारी रहेगा। जिन व्यापारियों का अवैध कब्जा है, वे स्वयं हटाएं, अन्यथा नगर निगम द्वारा रिमूवल कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि कल पीपली बाजार में फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे चार विक्रेताओं का सामान जब्त किया गया है, इस पर व्यापारी बोले कि पीपली बाजार और बर्तन बाजार में पैदल निकलने की व्यवस्था नहीं है। कुल मिलाकर पहले राजवाड़ा क्षेत्र का रोड और फुटपाथ खाली कराया गया और अब दुकानदारों को हद में किया गया है, अब बर्तन बाजार और पीपली बाजार की बारी बताई गई।

# बड़े प्रवेश द्वार निर्माण के चक्कर में छह माह से फैला अग्रसेन चौराहे के पास लापरवाही का अंधेरा

**इंदौर।** छावनी क्षेत्र के अग्रसेन चौराहे पर भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य के चक्कर में लंबे समय से निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी से लापरवाही से अंधेरा फैला हुआ है। हालत यह है कि इस व्यस्त चौराहे पर जब से भव्य प्रवेश द्वार का काम शुरू हुआ है तभी से यहां लाखों रुपए खर्चकर लगाई गई सजावटी लाइटिंग बन्द पड़ी है। जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। क्षेत्र के लोगों का साफ कहना है कि जब तक गेट नहीं बनेगा तब तक क्या यहां की सजावटी लाइटिंग चालू नहीं होगी। गौरतलब है कि अग्रसेन प्रतिमा चौराहा से रोजाना लोहा मंडी होते हुए हजारों लोग गुजरते हैं। उसके बावजूद रात के समय पूरे क्षेत्र में अंधेरा फैला रहता है। खासकर लोहा मंडी जाने वाले हिस्से में सबसे ज्यादा अंधेरा रहता है। इसीलिए क्षेत्रीय पार्षद ने निगम से मंजूरी करवाकर यहां करीब 3 साल पहले लाखों रुपए खर्च कर एक से बढ़कर एक सजावटी लाइटिंग लगाई गई थी। लेकिन जब से यहां गेट का काम शुरू हुआ है तब से वायरिंग कटने से यहां की आधी से ज्यादा लाइटिंग बंद पड़ी है। जिसके कारण इस चौराहे पर लंबे समय से अंधेरा फैला हुआ है।



**6 माह से बंद पड़ी है चौराहा के आसपास की 25 से ज्यादा सजावटी लाइटिंग**

# गुलाब जामुन का भारी भरकम लाट जब्त



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रशासन के खाद्य विभाग ने त्योहार के पूर्व खराब और दूषित सामग्री से बनी मिठाई और अन्य सामग्री जब्त करने का अभियान चला रखा है। मिली जानकारी के मुताबिक बिना लायसेंस गंदगी में पालदा क्षेत्र में गुलाब जामुन बनाकर रखे गए थे और बन भी रहे थे। प्रशासन ने 1600 किलो गुलाब जामुन का भारी भरकम जखीरा जब्त कर दुकान को सील कर बंद किया। अब इसका सेम्पल लैब में भेजा जा रहा है, रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



# आज और कल अनन्तनाथ जिनालय का स्थापना महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। छावनी स्थित दिगम्बर जैन समाज का जैन मन्दिर ब्रिटिश एवं होल्कर कालीन श्री अनन्तनाथ जिनालय को बने 113 वर्ष हो चुके हैं, मीडिया प्रमुख एम के जैन ज्योतिषाचार्य एवं मंत्री मनीष वेद ने बताया कि इसके स्थापना दिवस के अवसर पर 2 दिवसीय आयोजन आज एवं कल 22 फरवरी को आयोजित किये जा रहे है। जिसके अन्तर्गत, कलश शुद्धि, श्री शान्तिनाथ मण्डल विधान, घटयात्रा, ध्वजारोहण, कलशारोहण, संत सदन का शिलान्यास, नवश्रंगारित औषधालय का उद्घाटन आदि कार्यक्रम होंगे।

# आदिवासी अंचल से आए कलाकारों ने जात्रा में दी प्रस्तुति



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। गांधी हॉल परिसर में कल जात्रा का शुभारंभ हुआ, तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन जनजातिय संस्कृति, लोक नृत्य और पारम्परिक व्यंजनों के स्टॉल भी नजर आए। कलाकारों की प्रस्तुति का अवलोकन भी सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, संत दादू महाराज, दीपक जैन टीनू मौजूद थे। अतुल मलिक राम ने दीपक जैन टीनू का सम्मान भी किया। धार, झाबुआ और अलीराजपुर अंचल की प्रसिद्ध पिथोरा कला को भी इस बार विशेष स्थान मिला है। उक्त जानकारी देवकीनंदन तिवारी ने दी।




# कुष्ठ आश्रम में की गई सेवा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। कुष्ठ आश्रम पितृ पर्वत क्षेत्र में नेशनल एंटी करप्शन एवं नवरत्न परिवार महिला मंडल की टीम द्वारा सेवाकार्य किया गया। सामग्री भी भेंट की गई। उक्त जानकारी किरण जैन बाफना ने दी।




# दृष्टिहीन संघ शाखा में स्थापना दिवस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ मध्यप्रदेश शाखा का स्थापना दिवस मनाया गया। सुगम संगीत प्रतियोगिता आयोजित की, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। केसी खंडेलवाल, संजयसिंह चौहान, मुकेश यादव, डॉ. किशोर मित्तल, डॉ. शिवेंद्र परिहार, शिवशंकर कपूर, घनश्याम गोयल, डॉ. जीडी सिंघल, आधारसिंह चौहान, नंदा तोमर, मनीष मोडक, निलेश राजपूत, अनामिका राजपूत, संजयसिंह चौहान, कालूराम पाटीदार, प्रवेश पाटीदार, सचिन राय, मनीष, शिखर चतुर्वेदी, सुमित सोनी, रघुनंदन, गोरेलाल कुशवाह मौजूद थे।

# अदाकार देवगन का किया स्वागत



देवगन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिर्निधि )**. अदाकार और सिंघम के नाम से प्रसिद्ध अजय देवगन इंदौर आए और एक ज्वेलर्स के कार्यक्रम में शामिल हुए उनका स्वागत भी किया गया।

# महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में कल फन फेयर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। राजेन्द्र नगर स्थित शासकीय (स्वशासी) महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में कल रविवार 22 फरवरी को दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक पहली बार 'फन फेयर' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'तकनीक की ओर बढ़ें - पॉलिटेक्निक चलें' अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। प्राचार्य विजया शिंदे ने बताया कि छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की बारिकियां बताई जाएगी। फन फेयर में विभिन्न स्टॉल्स, तकनीकी प्रदर्शनी और मनोरंजक गतिविधियों का समावेश होगा।

# संभाग आयुक्त और आईजी ने की कानून व सड़क सुरक्षा पर समीक्षा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। आगामी त्योहारों के मद्देनजर इंदौर संभाग में सद्भाव, शांति और सौहार्द्र बने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे इंदौर संभाग में गौरवशाली परम्परा कायम रहे। इसी मुद्दे पर संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और आईजी अनुराग की संयुक्त अध्यक्षता में संभाग आयुक्त कार्यालय में गुगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। रमजान, भगौरिया, होली, रंग पंचमी, ईद जैसे पर्व मनाए जाएंगे। रमजान का पर्व शुरू हो चुका है। सभी पर्व सभी सम्प्रदाय के परम्परानुसार मनाए जाए, आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाए, यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया जाए, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था रहे। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, ड्रोन से निगरानी भी की जाए।

# यातायात पुलिस की विशेष पेट्रोलिंग, नो-पार्किंग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

यातायात पुलिस द्वारा चारों जोन के लिए चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। उक्त टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गो, प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं यातायात दबाव वाले स्थानों पर अव्यवस्थित एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है। इसी क्रम में कल चारों पेट्रोलिंग टीमों द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी



कार्यवाही की गई। भ्रमण के दौरान एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से टोरी कॉर्नर गौराकुंड तक। रेडिसन चौराहा, मालवा मिल, पाटनीपुरा से भमोरी, रसोमा तक सड़क के दोनों ओर। एमजी रोड पर पलासिया से घण्टाघर, हाइकोर्ट, 56 दुकान सड़क के दोनों तरफ पलासिया से गीताभवन, व्हाइट चर्च। भंवरकुआं से टॉवर चौराहा, राजवाड़ा क्षेत्र, सराफा, मालगंज, जवाहरमार्ग, कपड़ा बाजार, खजूरी बाजार, सराफा क्षेत्र में पेट्रोलिंग टीमों द्वारा मुख्य मार्गो, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत भ्रमण करते हुए पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन/सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक एवं पीओएस मशीन की सहायता से अवैध पार्किंग, फुटपाथ पर वाहन खड़े करने तथा सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई और समझाइश भी दी गई।



# योग, दिनचर्या-ऋतुचर्या, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। जिला प्रशासन एवं संभागीय आयुष अधिकारी डॉ मीना भायल, जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेलबिंग की थीम पर स्वास्थ्य शिक्षा, कुर्सी पर बैठकर योग, दिनचर्या-ऋतुचर्या, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजशान्ति आशियाना वृद्धाश्रम शक्ति नगर एयरपोर्ट रोड़ पर किया गया। सभी वरिष्ठजनों को ई संजीवनी टेली मेडिसिन एप की जानकारी देकर घर बैठे चिकित्सा पद्धति की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में वरिष्ठजनों को निशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर जांच, संधिवात तथा वृद्धावस्था में होने वाली समस्याओं से स्वस्थ रहने संबंधित जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 42 वरिष्ठों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण की गई। डॉ. जीतेन्द्र भालसे, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. रंजीता चौहान डॉ. अंकिता जैन, आयुष पैरामेडिकल उमेश चौहान, अंकिता भारत, बहादर महाले, किरण पाल, सचिन चौधरी, रेखा सुराणा, काजल मौजूद थे।

# उपाध्याय और तारे को कल मिलेगा हिन्दी गौरव अलंकरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'मातृभाषा उन्नयन संस्थान' कल रविवार को दोपहर 1 बजे से राजेन्द्र माथुर सभागृह में हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह आयोजित करने जा रहा है। हिन्दी गौरव अलंकरण चयन समिति ने वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदाप्रसाद उपाध्याय व ग्वालियर से वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को हिन्दी गौरव अलंकरण से विभूषित किया जाएगा। विष्णु सदाशिव कोकजे, प्रो. राकेश सिंघई, प्रो. संजय द्विवेदी, दीपक कर्दम अतिथि होंगे। वहीं काव्य गौरव अलंकरण डॉ. पंकज प्रसून चौधरी, निशा पण्डित, कमलेश दवे, पुष्पेन्द्र जोशी पुष्प, शिवांगी प्रेरणा को दिया जाएगा। लेखिका संध्या राणे की पुस्तक 'शुभम करोति' का लोकार्पण भी होगा। समारोह का संचालन अखिलेश राव करेंगे। डॉ. अर्पण जैन. नितेश गुप्ता, भावना शर्मा, शिखा जैन, सपन जैन काकड़ीवाला, डॉ. नीना जोशी, प्रेम मंगल, मणिमाला शर्मा, अनुपमा समाधिया मौजूद रहेंगे।



# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

डाबली हायस्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर व प्रज्ञान गुरुकुलम्, ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें में विश्व निशुल्क विधिक सहायता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी व अंतिम पंक्ति तक बैठे लोगों के लिए विधिक सहायता पहुंचे, सभी को समान रूप से न्याय मिले। ऋचा अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, निधि शर्मा, ज्योति, दीपाली,सारिका, ममता, रेणुका, गरिमा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# कल शाम भजन संध्या और भंडारा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाबा सोमेश्वर महादेव मंदिर हेमू कालोनी सिरुमल में कल रविवार की शाम 7 बजे से मंदिर का वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या और भंडारा का आयोजन होगा।



# बेटी की सफलता पर माता का भी सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

'संस्था जीनियस और सांईराम मंडल के रीतेश ठाकुर बंटी, आयुष मिश्रा ने बताया कि नंदबाग इलाके में रहने वाली बेटी अनिता गुप्ता ने गत दिनों डीएवीवी के दीक्षांत समारोह में दो गोल्ड मेडल प्राप्त किए। एम ए में 93 प्रतिशत अंक पर एवं म्यूजिक में भी अनिता को गोल्ड मेडल मिले। दरअसल अनिता के पिता के स्वर्गवासी होने के बाद उसे मां ने ही फूल माला बेचकर पढ़ाया। इसीलिए रहवासियों के साथ मेधावी छात्रा और उनकी माता का भी सम्मान किया गया। आयुष मिश्रा, डॉ. दीपक शर्मा, प्रहलाद गलफट, अरविंद मौर्य, बब्बू मिश्रा, अमित, सोराष्टी, अरुण पाठक, सोनू मकवाना, नितेश व्यास, आकाश बोडखे़ एवं रहवासी मौजूद थे।

# आइक्रो सदस्यों की बैठक आज दोपहर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आल इंडिया क्राइम रिफोर्म आर्गेनाइजेशन मध्यप्रदेश टीम इन्दौर के सदस्यों की बैठक आज दोपहर 2 बजे पाटनीपुरा चौराहे पर रखी गई है। गिरीश जोरे ने बताया की हम सभी मिल-जुलकर इन्दौर की समाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता लाने हेतु टीम को मजबूती प्रदान करने हेतु सदस्यों का मनोबल बढ़ायेंगे। इसी उद्देश्य से नशे की प्रवृत्ति पर प्रहार करने हेतु, शासन प्रशासन का साथ देते हुए सामाजिक मिशन को पूरा करेंगे। समाज में फैल रही विकृत मानसिकता को रोकने हेतु टीम आने वाले समय में किस प्रकार काम करेगी इसकी जानकारी बैठक में सदस्यों को दी जायेगी।

# 'माऊली' की वाणी गूंजेगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'माझी माऊली समूह' द्वारा 23 फरवरी को श्री समर्थ मठ संस्थान, पंतवैद्य कॉलोनी, में श्रीज्ञानेश्वरी पारणे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 101 भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीज्ञानेश्वरी धार्मिक ग्रंथ का वाचन पूर्ण कर पारणे उत्सव मनाया जाएगा। जयंत भिसे, डॉ. बाबासाहेब तराणेकर, निर्विकारानंद उपस्थित रहेंगे। ललित नम्र, डॉ. मोनिका कर्डिले ने उक्त जानकारी दी।

# गणपति मंदिर पर आज से याज्ञवल्क्य जयंती पर वेद पारायण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था के तत्वावधान में याज्ञवल्क्य जयंती के उपलक्ष्य में शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का आयोजन आज और कल 22 फरवरी तक रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। गौरव जोशी एवं पुष्पक शुक्ला वेदमूर्तिद्वय मौजूद रहकर वेद पारायण करेंगे। उपेन्द्र जोशी, तुषार जोशी ने उक्त जानकारी दी।

# मराठा सेना ने कराया बुजुर्गों को भोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर चार दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा बिजासन रोड स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के बीच सेवा कार्य कर उन्हें भोजन कराया। चंद्रकांत कुंजीर, करण कुंजीर, मिलिंद दिघे, राज जाधव, सुनील खंडागले, संदीप खरनाल, रवि खरनाल, मनीष जाधव, नारायण खंडागले, संतोष पवार, स्वाति मोहिते, अंकुश भोसले, रमेश खेड़े, स्वाति मोहिते, लवली जाधव, निहारिका कुंजीर, गोदावरी मोटवानी, रिया कुंजीर, मिष्टी पवैया, रेखा पवार, रुकमणी शर्माष्ट्र गणेश राव, राजू काले, संगीता काले, सुरेश चव्हाण, विजय डफाल, दिलीप नवथरे, ज्ञानदेव बालुंज, अशोक दरेकर, नितिन सालेकर, प्रमोद गोरे, रमाकांत शर्मा, चिरंजीव सिंह, दिलीप श्रीवास्तव मौजूद थे।

# अंगदान से जीवनदान अभियान चलेगा

## अप्रैल से शुरू होगा संकल्प, एक लाख का अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अंगदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने और इंदौर को एक सशक्त मॉडल के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से मिताशा फाउंडेशन द्वारा 'संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान' अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान 3 अप्रैल से 30 अप्रैल तक इंदौर संभाग में आयोजित होगा, जिसमें प्रशासनिक सहयोग के साथ व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान को संभागायुक्त इंदौर, जिलाधीश इंदौर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाएं, इंदौर संभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस अवधि में अधिक से अधिक नागरिकों को अंगदान के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन सहमति पत्र भरवाने की प्रक्रिया चलाई जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य अंगदान को केवल एक औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित न रखकर इसे समाज की सक्रिय भागीदारी से जोड़ना है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों, बैठकों और अन्य कार्यक्रमों में अंगदान के महत्व पर विशेष बल दिया जाएगा। ओपीडी और आईपीडी पर्चियों पर भी 'संकल्प एक लाख – अंगदान से जीवनदान' का उल्लेख कर आमजन तक संदेश पहुंचाया जाएगा। साथ ही, नियमित समीक्षा बैठकों और जिला स्तर पर निगरानी की व्यवस्था के माध्यम से अभियान की प्रगति पर नजर रखी जाएगी। आलोक सिंघी ने उक्त जानकारी दी।

# जय गुरुदेव आश्रम में शिलान्यास, सत्संग का आज आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



बाबा जयगुरुदेव मंदिर का पूजन और शिलान्यास का आयोजन धार रोड स्थित नावदा पंथ आश्रम परिसर में किया जा रहा है। बाबा उमाकांत महाराज आश्रम में आज सुबह से बडी संख्या में गुरु भक्त अनुयायी मौजूद है। बताया यह भी गया है कि उमाकांत महाराज ने अपने गुरु जयगुरुदेव का मंदिर हरियाणा के बावल में और राजस्थान के जालव में बनवाना शुरू कर दिया है। इसी कडी में इन्दौर में भी बाबा जयगुरुदेव मंदिर का पूजा और शिलान्यास आज उमाकांत महाराज अनुयायियों की मौजूदगी में कर रहे है। दोपहर बाद सत्संग भी होगा।

# भागवत के पहले कल दोपहर निकलेगी कलशयात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार रोड स्थित धरावरा धाम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कल रविवार 22 से 28 फरवरी तक मानस सम्मेलन होगा। वहीं भागवत कथा भी कल से शुरू होगी उसके पहले कल दोपहर 12 बजे कलशयात्रा महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में निकाली जाएगी। कथा का रसपान ब्रजकिशोर नागर करेंगे। 25 गांव के श्रद्धालु शामिल होंगे।

# सीयूईटी पीजी : मार्च में परीक्षा, अप्रैल में रिजल्ट, जून में काउंसलिंग तय

## डीएवीवी 1 जुलाई से शुरू कर देगी टीचिंग विभागों का पीजी का नया सत्र

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के 20 से अधिक टीचिंग विभागों और देशभर की 300 यूनिवर्सिटी में एडमिशन के किए होने वाली एडमिशन प्रक्रिया की सीयूईटी पीजी मार्च में होने वाली है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए अगर इसका परिणाम अप्रैल अंत तक जारी करता है या मई की शुरुआत में भी आता है तो डीएवीवी जून के शुरू के काउंसलिंग करवा लेगा। सीयूईटी पीजी परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित की जाएगी। कुल 44 शिफ्ट में एग्जाम होगी और हर शिफ्ट 90 मिनट की एग्जाम होगी। अभ्यर्थियों को डेढ़ घंटे में पूरा पेपर हल करना होगा।




### डीएवीवी के कई कोर्स हैं पीजी में

डीएवीवी के एमबीए फाइनेंस, मार्केटिंग, एमबीए एचआर, एमबीए ई कॉमर्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, एमबीए फाइनेंशियल सर्विसेस, एमबीए फॉरेन ट्रेड, एमबीए एपीआर जैसे कोर्स में प्रवेश होगा। इन कोर्स की खासी डिमांड हर साल होती है। सीटें 1400 रहेंगी।

### यूजी में भी कई कोर्स डिमांड में

डीएवीवी के यूजी कोर्स में एमबीए एमएस, एमबीए ई कॉमर्स दोनों पांच वर्षीय, बीए एलएलबी, बीकॉम ऑनर्स सहित 20 कोर्स में एडमिशन होंगे। सीटें 1500 से ज्यादा रहेंगी। इसके सीयूईटी मई में होने की पूरी संभावना है। या फिर जून में भी हो सकती है।

### तीन शिफ्ट में होगी पीजी के लिए यह परीक्षा

एनटीए के मुताबिक परीक्षा रोजाना तीन चरणों में कराई जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 9:00 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक और तीसरी शिफ्ट शाम 4:00 बजे से 5:30 बजे तक चलेगी। परीक्षा कई अलग-अलग तारीखों पर आयोजित की जाएगी। इनमें 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 16, 17, 18, 19, 24, 25, 26 और 27 मार्च 2026 शामिल हैं।

# देर से ही सही लेकिन अब दिखने लगा रोबोट चौराहे वाले हिस्से में भी खजराना सर्विस रोड का कार्य

**इंदौर।** आखिर लंबे समय से धीमी रफ्तार के बाद अब देर से ही सही लेकिन खजराना तालाब के सामने वाली सर्विस रोड़ का काम अब पूरा होता नजर आने लगा। यही नहीं यहां पहले से कई गुना तेजी के साथ नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य निगम द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे अब चौराहे से लेकर तालाब के आसपास और सामने के हिस्से में नई सीमेंटेड सड़क का काम अब दूर से नजर आने लगा है। जबकि इससे पहले अब तक लगातार धीमी रफ्तार से चल रहें काम को लेकर क्षेत्र के लोग सवाल उठा रहे थे। वहीं अब खजराना चौराहे से आगे तालाब के सामने वाली सर्विस रोड के काम की स्पीड दिखने लगी है। यही नहीं तालाब के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने के हिस्से में भी नई सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिससे भीतर की कालोनी से आने-जाने वाले लोगों को भी इससे आसानी होगी। वहीं इसके अलावा चौराहे के बड़े हिस्से में पुराने सरकारी स्कूल के सामने से लेकर तालाब के सामने पुलिया के आसपास की बरसों पुरानी सर्विस रोड का निर्माण और चौड़ीकरण भी तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जबकि इससे पहले अब तक धीमी रफ्तार को लेकर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा सवाल उठाए जा रहे थे कि आखिर सर्विस रोड निर्माण का कार्य कब पूरा होगा। खुदाई के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी।

**जबकि गणेश मंदिर वाली सर्विस रोड़ का काम निगम ने पांच माह पहले कर दिया था पूरा–** जबकि खजराना गणेश मंदिर वाली सर्विस रोड का काम पांच माह पहले पिछले साल गणेश चतुर्थी के आसपास ही पूरा हो गया था। वहीं चौराहे से आगे की की सर्विस रोड का काम खुदाई के बाद भी लंबे समय से धीमी रफ्तार से चल रहा था। यही नहीं कई दिनों तक तो यहां का काम बंद भी रहा। जिसके कारण सर्विस रोड से आने-जाने वाले आसपास की कॉलोनी के हजारों लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अब पिछले दिनों निगम ने सर्विस रोड निर्माण के काम की रफ्तार तेज कर दी है। जिसके बाद अब तालाब के सामने और आसपास के बड़े हिस्से में नई सीमेंटेड सड़क निर्माण के काम ने पहले से ज्यादा रफ्तार पकड़ ली है। जो अब दूर से आने-जाने वालों को नजर भी आ रही है। वहीं अब कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में बहुत जल्द बच्चे हिस्से में सर्विस रोड निर्माण का कार्य जल्दी से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# 6 माह से ज्यादा समय से पुलिया निर्माण का कार्य, फिर भी अधूरा लोग बोले आखिर कब होगा पूरा

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 46 से जुड़ी पंचम की फेल बस्ती को मेंन रोड से जोड़ने वाली लाखों रुपए की लागत से बन रही पुलिया का काम पिछले 6 माह से भी ज्यादा समय से चल रहा है उसके बावजूद अभी तक काम अधूरा पड़ा है। हालत यह है कि लंबे समय से धीमी रफ्तार से चल रहे काम को लेकर अब क्षेत्र के रहवासियों के सब्र का बांध टूटने लगा है। यही नहीं क्षेत्र के रहवासियों में इसको लेकर निगम के जिम्मेदार अफसरों को लेकर नाराजगी भी जाहिर की है। क्षेत्र लोगों का कहना है कि अधूरी पुलिया का काम लंबे समय से चल रहा है , बावजूद अब तक काम की धीमी रफ्तार और बीच में कई बार काम बंद होने से अब तक इस पुलिया का काम इतने समय से पूरा नहीं हो पाया। जबकि अब तक तो यह बन रही पुलिया का निर्माण कार्य पूरा भी हो जाना था।



**अभी आधा किमी दूर से घूमकर लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर–** जबकि अभी पंचम की फेल बस्ती के रहवासी परिवारों को बाहर आने - जाने के लिए टेकरी की और से करीब आधा किमी दूर घूमकर लम्बा चक्कर लगाना पड़ रहा है। हालांकि लोगों का कहना है कि अभी भले ही परेशानी हो रही हो लेकिन पुलिया का काम पूरा हो जाने के बाद फिर लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही इससे लोगों के समय और पेट्रोल की भी बचत होगी।

**पुलिया बनने से 500 से ज्यादा परिवारों को मिलेंगी बड़ी राहत-** वही बड़ी बात यह है कि क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से अधूरी पुलिया बारिश पहले बन जाए तो क्षेत्र के लगभग 500 से ज्यादा परिवारों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही भविष्य में आने-जाने के लिए यह पुलिया बेहद सुविधाजनक और फायदेमंद साबित होगी। जबकि अभी यहां का काम पिछले साल में लंबे समय से चलने के बाद भी पूरा नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

# 3 माह पहले जहां से हटाए थे निगम ने 150 से ज्यादा बाधक निर्माण, वहां अब शुरू हुआ सड़क का काम



**इंदौर।** जहां तीन माह पहले नगर निगम ने मालवीय नगर से एलआईजी लिंक रोड़ तक मास्टर प्लान में प्रस्तावित सड़क के हिसाब से चौड़ीकरण और निर्माण के लिए मालवीय नगर क्षेत्र से लगभग 150 से ज्यादा मकानों और दुकानों के बाधक निर्माण हटाएं थे वहां अब निगम द्वारा सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत वर्तमान में यहां टूटे आशियानें के बीच कई हिस्सों में ड्रेनेज और स्ट्रांम वाटर लाइन डालने का काम कई दिनों से तेजी के साथ किया जा रहा है। वहीं अब लिंक रोड़ की तरफ से बड़े हिस्से में सड़क निर्माण भी शुरू हो गया है।

### तीन से चार जेसीबी और पोकलेन लगाकर चल रहा काम

यही नहीं खास बात यह है कि निगम द्वारा सबसे ज्यादा तेजी से काम एलआईजी लिंक रोड़ की तरफ वाले हिस्से में किया जा रहा है। यहां तीन से चार जेसीबी और पोकलेन मशीनें लगाकर खुदाई और लाईन डलवाने का काम तेजी से करवाया जा रहा है। यही नहीं लिंक रोड वाले इस हिस्से में अनुराग नगर से मालवीय नगर तक शुरुआत के बड़े हिस्से में निगम ने सड़क निर्माण कार्य भी तेजी के साथ शुरू कर दिया है। जिसके लिए पहले बड़े हिस्से में ड्रेनेज लाइन डालने के बाद अब यहां सड़क निर्माण का काम भी नजर आने लगा है।

### मालवीय नगर वाली साइड से अभी काम की धीमी है रफ्तार

जबकि दूसरी तरफ बर्फानी धाम वाले रोड़ पर मालवीय नगर के जिस हिस्से में निगम द्वारा सबसे ज्यादा बाधक निर्माण हटाने के लिए तोड़फोड़ की थी वहां काम की रफ्तार थोड़ी धीमी चल रही है। यहां अभी तक सड़क निर्माण कार्य में फिलहाल कोई तेजी नजर नहीं आ रही है। हालांकि वर्तमान में यहां निगम द्वारा पहले चरण में जगह-जगह ड्रेनेज और स्ट्रॉम वाटर लाइन डालने का कार्य प्राथमिकता के साथ करवाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि आने वाले तीन चार महीनों में बारिश का सीजन शुरू होने से पहले यहां ज्यादातर हिस्से में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवा लिया जाए। जिससे बाद में परेशानी न आए। वहीं मालवीय नगर वाले हिस्से में भी आने वाले दिनों में ड्रेनेज लाइन डालने के बाद बेहद जल्द सड़क निर्माण कार्य में भी तेजी दिखने लगेंगी।

## संपादकीय

### मोतियाबिंद शिविर बना त्रासदी, गोरखपुर में 9 आंखें निकाली गईं, 9 की रोशनी गई, कब तय होगी जवाबदेही?

गोरखपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब तीस मरीजों की आंख का आपरेशन किया गया था, जिसके बाद चौबीस घंटे के भीतर अठारह मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक स्वास्थ्य शिविर में मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से नौ मरीजों की एक आंख निकालनी पड़ी और नौ अन्य की एक आंख की रोशनी चली गई। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस शिविर का आयोजन एक स्थानीय निजी अस्पताल की ओर से किया गया था और यहां कई लोगों ने 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत आंख के आपरेशन कराए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद स्थानीय प्रशासन ने माना कि इन मामलों में गंभीर चूक हुई है। सामान्यतः चिकित्सक मरीज के मर्ज को ठीक कर उसके जीवन को बेहतर बनाता है, इसलिए उसे ईश्वर का दूसरा रूप भी कहा जाता है। ऐसे में किसी चिकित्सक या उनके सहायक की इस तरह की लापरवाही को किस तरह देखा जाएगा। यह घटना इस बात को भी उजागर करती है कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अमले में कर्तव्य के प्रति कोताही और असंवेदनशीलता की जड़ें किस तरह गहरी होती जा रही हैं। यह घटना कोई पहला मामला नहीं है। मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से आंखों की रोशनी खत्म हो जाने के मामले देश भर में अक्सर सामने आते रहते हैं। चाहे सरकारी अस्पताल हों या निजी, इस तरह की लापरवाही अब आम बात हो गई है। गोरखपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब तीस मरीजों की आंख का आपरेशन किया गया था, जिसके बाद चौबीस घंटे के भीतर अठारह मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? हालांकि ऐसे मामलों में स्पष्ट कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन साफ है कि उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह की घटनाओं में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित के जख्मों पर मामूली मुआवजे का मरहम लगाकर मामले को निपटा दिया जाता है, जिस कारण व्यवस्था में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का आलम जस का तस बना रहता है। जाहिर है, जब तक चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। खूबसूरत दुनिया की सुंदरता देखने के लिए आंखों की रोशनी बहुत ही अनमोल है, जिसे बुढ़ापे तक सुरक्षित रखना जरूरी है। हमारे शरीर के सभी अंग बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। फिर भी अगर शरीर के सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण अंग की बात करें, तो वह आंखें होती हैं। हम अक्सर कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिसके कारण हमारी आंखों की रोशनी कम होने के साथ-साथ गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाती है। इसमें मोतियाबिंद बहुत आस समस्या है।

## थैलेसीमिया बाल सेवा योजना अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर लगेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** थैलेसेमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है, जो माता-पिता से बच्चों में आता है। इस रोग में शरीर में हीमोग्लोबिन कम बनता है, जिसके कारण उसका स्तर सामान्य से कम हो जाता है। इसी वजह से थैलेसेमिया से ग्रसित मरीजों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। इसी मुद्दे पर प्रथम चरण में पात्र थैलेसिमिया मरीजों का चयन कर ध्रं टाइपिंग जांच शिविर का आयोजन 24 फरवरी को एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज में प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है।

# पुलिस का 'जनसंवाद': अधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएं

### साइबर ठगी से बचने के सिखाए गुर



**इंदौर।** आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिरपुर कांकड़ में 'जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने न केवल क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक लिया, बल्कि रहवासियों को आधुनिक अपराधों के प्रति जागरूक भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंदु जोशी और चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक कारोले सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद कर उनके क्षेत्र की छोटी-बड़ी समस्याओं को सुना और उनके तत्काल निराकरण का भरोसा दिलाया। जनसंवाद के दौरान एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताई। उन्होंने रहवासियों को बताया कि कैसे अपनी व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी और अनजान लिंक से बचकर अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें।

### रहवासियों ने रखी अपनी बात

कार्यक्रम में सिरपुर कांकड़ के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। रहवासियों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और यातायात संबंधी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। टीआई तिलक कारोले ने विश्वास दिलाया कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और जनसंवाद में प्राप्त सुझावों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

### जनता का बढ़ा विश्वास

इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्थानीय रहवासियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से अपराधियों में डर पैदा होता है और आम आदमी निडर होकर अपनी बात पुलिस तक पहुंचा पाता है।

# एमपीईबी के टेस्टिंग असिस्टेंट के साथ मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**ड्यूटी के दौरान ठेकेदार ने ऑफिस में घुसकर जड़ा थप्पड़**

बाणगंगा थाना क्षेत्र के पोलोग्राउंड एमपीईबी परिसर में एक दबंग ठेकेदार द्वारा शासकीय कर्मचारी के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। विवाद तब हुआ जब कर्मचारी ने परिसर के अंदर झगड़ा कर रहे ठेकेदारों को बाहर जाने के लिए कहा। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी लोकेश साहू निवासी केट रोड, एमपीईबी में टेस्टिंग असिस्टेंट के पद पर पदस्थ हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे वह अपने ऑफिस में काम कर रहे थे, तभी उन्हें बाहर शोर सुनाई दिया। उन्होंने देखा कि परिसर में दो ठेकेदार, चेतन पाठक और मूरत सिंह, आपस में झगड़ा कर रहे थे। लोकेश ने बाहर जाकर दोनों को अनुशासन बनाए रखने और परिसर से बाहर जाकर विवाद करने की हिदायत दी। समझाने के बाद वह वापस अपने ऑफिस में आ गए, लेकिन आरोपी ठेकेदार चेतन निवासी भवरासला को यह बात नागवार गुजरी। वह फरियादी के ऑफिस में घुसा और चिल्लाते हुए बोला, 'तुम होते कौन हो हमें बाहर जाने के लिए बोलने वाले' फरियादी ने जब अपना परिचय दिया कि वह यहाँ शासकीय कर्मचारी हैं, तब भी आरोपी ने मर्यादा का उल्लंघन किया।आरोपी चेतन ने यह जानते हुए भी कि फरियादी ड्यूटी पर तैनात एक सरकारी कर्मचारी हैं, उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और उनके गाल पर जोरदार चांटा जड़ दिया। जाते-जाते आरोपी ने धमकी दी कि 'अगर दोबारा मुझसे उलझे तो जान से खत्म कर दूंगा।'बाणगंगा पुलिस ने फरियादी लोकेश साहू की शिकायत पर आरोपी चेतन पाठक के खिलाफ शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट, अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## आज से शुरू सुपर-8 का रोमांच

**कोलंबो ।** 2026 टी20 वर्ल्ड कप में आज से सुपर-8 के मुकाबले शुरू हो रहे हैं। सुपर-8 स्टेज में सभी टीम चार-चार के 2 ग्रुप में बांटी गई हैं और इस चरण में कुल 12 मैच खेले जाएंगे। 21 फरवरी-1 मार्च तक खेले जाने वाले यही 12 मैच तय करेंगे कि सेमीफाइनल में कौन जाएगा और कौन नहीं। सुपर-8 का फॉर्मेट कुछ ऐसा है कि दोनों ग्रुप की पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में रहने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। आज सुपर-8 का केवल एक मैच खेला जाएगा, जिसमें पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टक्कर होगी। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होगा। आपको बताते चलें कि पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका को सुपर-8 के ग्रुप 2 में रखा गया है।

**सुपर-8 पहला ग्रुपः भारत, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, सुपर-8 दूसरा ग्रुपः पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका**

सुपर-8 में भारत का पहला मैच 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा, यह मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा। टीम इंडिया का दूसरा मैच 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के साथ होगा, जो चेन्नई में खेला जाएगा। सुपर-8 में भारतीय टीम का आखिरी मैच 1 मार्च को वेस्टइंडीज के साथ होगा, जो कोलकाता में खेला जाना है। 22 फरवरी - भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका - अहमदाबाद, 26 फरवरी - भारत बनाम जिम्बाब्वे - चेन्नई, 1 मार्च - भारत बनाम वेस्टइंडीज - कोलकाता।

22 फरवरी को ही सुपर-8 में इंग्लैंड और श्रीलंका की भिड़ंत होगी। ये मैच श्रीलंका के पल्लेकेले स्टेडियम में खेला जाएगा। अभी तक के प्रदर्शन पर गौर करें तो ईशान किशन टीम इंडिया के टॉप स्कोरर रहे हैं। वो अब तक 176 रन बना चुके हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव भी लगातार 30द्द स्कोर कर रहे हैं। वरुण चक्रवर्ती अब तक टूर्नामेंट में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं, जो अब तक कुल 9 विकेट चटका चुके हैं।

# मजदूरी के रुपए मांगे तो डंडे से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

### पिता-पुत्र को घायल कर जान से मारने की दी धमकी

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रालामंडल में बकाया भुगतान मांगना एक मजदूर को भारी पड़ गया। ठेकेदार के भाइयों ने घर पहुंचकर मजदूर और उसके बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट की और भविष्य में रुपए मांगने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम रालामंडल निवासी छोगालाल बघेल पिता गुलाबसिंह मजदूरी का काम करते हैं। छोगालाल ने अपने ठेकेदार राजू शिंदे को बकाया पेमेंट के संबंध में फोन लगाया था, जिस पर राजू के भाई सन्नू से उसकी बात हुई। फोन पर हुई इसी चर्चा के कुछ देर बाद आरोपी सुशील शिंदे और आरती (निवासी हनुमान टेकरी, असरावद खुर्द) सीधे छोगालाल के घर पहुंच गए। आरोपियों ने घर के सामने चिल्लाते हुए कहा कि 'तूने कोई काम नहीं किया, तेरा कोई पैसा बाकी नहीं है, भैया को फोन क्यों लगाता है'। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। सुशील शिंदे ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की और अपने पास रखे डंडे से छोगालाल की गर्दन पर वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। पिता को पिटता देख जब बेटा सचिन उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी नहीं बख्शा। सुशील और आरती ने सचिन के साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित परिवार को सरेराह धमकी दी कि 'आइंदा कभी पेमेंट के लिए बोला या कहीं मिला, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा'।

# प्रताड़ना से तंग आकर संविदा शिक्षका ने पिया एसिड

## पीड़ित पिता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**इंदौर।** बेटी को खुशहाल ससुराल देने की हसरत एक पिता के लिए तब मातम में बदल गई, जब लाखों रुपये देने के बाद भी उसकी बेटी की जान नहीं बच सकी। संविदा शिक्षका अरुणा पंवार की मौत के मामले में उसके पिता इन्दरसिंह पंवार ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीण एसपी को न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने वास्तविक शिकायत के उलट एफआईआर दर्ज की है।

फरियादी पिता के अनुसार, अरुणा का विवाह 2019 में ग्राम फरकौदा निवासी उमेश दुब्बल के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति उमेश, ससुर पूनमचंद, सास कलाबाई और देवर राहुल दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने अपनी शादी के लिए बाजार से लिए गए 7 लाख रुपये कर्ज को चुकाने का दबाव पिता पर बनाया, जिसे पिता ने बेटी की खुशी के लिए चुका भी दिया। इसके बाद आरोपियों ने अरुणा के जेवर छीनकर गिरवी रख दिए और पति ट्रेवल्स के लिए बड़ी गाड़ी की मांग करने लगा। पिता ने शिकायत में बताया कि करीब 6 महीने पहले आरोपियों ने गाड़ी की मांग को लेकर अरुणा को सड़क पर इतना पीटा कि उसकी साड़ी तक उतार कर फेंक दी और उसे अर्धनग्न अवस्था में घर से निकाल दिया। इसके बाद भी अरुणा गौतमपुरा में रहकर बच्चों को संस्कृत पढ़ाती रही, लेकिन काका ससुर महेश और बुआ सास गीताबाई वहां भी उसे और उसके पति को शराब पिलाकर प्रताड़ित करते रहे। 18 जनवरी को काका ससुर ने शराब के नशे में अरुणा पर अमावस्या के दिन मटन बनाने का दबाव बनाया। मना करने पर पति उमेश ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से टूट चुकी अरुणा ने एसिड पी लिया, जिसके बाद 19 जनवरी को एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इन्दरसिंह का आरोप है कि उनकी बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने ग्रामीण एसपी को दिए शिकायती पत्र में मांग की है कि पुलिस प्रशासन आरोपियों के खिलाफ अमानवीय व्यवहार और दहेज हत्या की धाराओं में कठोर कार्रवाई करे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोग घायल





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सांवेर रोड स्थित अरबिन्दो अस्पताल के सामने कालिंदी गोल्ड न्यू विजय नगर के समीप एक बाइक पर जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक पर दो पुरुष और एक महिला सवार थे। दो लोगों को गंभीर चोटे आने की बात भी वहां मौजूद लोगों ने बताई। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है।**

# फर्जी चेक और साइन के जरिए व्यापारी के खाते से 4.80 लाख उड़ाए

**इंदौर।** शहर में बैंकिंग फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शातिर ठगों ने अब चेक क्लोजिंग और फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए व्यापारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में एक ऑटो मोबाइल व्यापारी के खाते से करीब पौने पांच लाख रुपये निकाल लिए गए। वहीं लसूड़िया में एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई है। सेंट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक, धोखाधड़ी की यह वारदात शास्त्री मार्केट स्थित 'राजपाल ऑटो मोबाइल' के संचालक के साथ हुई। फरियादी को 24 नवंबर को अचानक मोबाइल पर मैसेज मिला कि उनके बैंक खाते से 4 लाख 80 हजार रुपये डेबिट हो गए हैं, जब व्यापारी ने बैंक जाकर पड़ताल की तो वहां मौजूद रिकॉर्ड देखकर उनके होश उड़ गए। किसी अज्ञात आरोपी ने व्यापारी के नाम का फर्जी चेक तैयार किया, जिस पर हूबहू फर्जी हस्ताक्षर किए और दुकान की नकली सील भी लगाई गई थी। इसी फर्जी चेक के जरिए राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर कर ली गई। पुलिस ने बैंक से सीसीटीवी फुटेज और संदिग्ध खाते की जानकारी मांगकर जांच शुरू कर दी है।

**महिला के खाते से 2 लाख रुपये उड़ाए-** उधर, लसूड़िया थाना क्षेत्र में भी ऑनलाइन फ्रॉड का एक गंभीर मामला दर्ज किया गया है। बजरंग नगर काकड़ निवासी मनसाबाई पति मोहन भारद्वाज के साथ 15 फरवरी को यह वारदात हुई। अज्ञात जालसाजों ने महिला को झांसे में लेकर उनके खाते से 2 लाख रुपये का अवैध ट्रांजेक्शन कर लिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सायबर सेल की मदद से तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

## बैटरी फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति

**इंदौर।** सांवेर रोड स्थित एक बैटरी की फैक्ट्री में लगी भीषण आग को मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। शुक्रवार शाम को सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के उपनिरीक्षक दुबे के नेतृत्व में आधा दर्जन दमकल कर्मी पहुंचे और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। दुबे के मुताबिक फैक्ट्री में रखी बैटरियां और प्लास्टिक आदि सामान जलकर राख हो गया। फैक्ट्री संचालक विकास पिता निर्मल जैन के मुताबिक आग में लाखो का माल जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। इसी प्रकार शुक्रवार रात 9:20 बजे न्यू देवास रोड स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मी पहुंचे तो वहां कचरे के ढेर में लगी आग को बुझाया।




# बिना परमिट चल रही थी स्कूल बस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। परिवहन विभाग ने कल फिर स्कूल बसों की चैकिंग की। परमिट, फीटनेस, बीमा, फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर सहित अन्य नियम कायदों की चैकिंग की गई। एक स्कूली वाहन बिना परमिट के पाया गया, जिसे जब्त किया गया, 10 से अधिक वाहनों में कमियां पाए जाने पर 56 हजार रु. का जुर्माना वसूला गया।**

# युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के गणेश पिता क्रांतिलाल शिंदे उम्र 21 साल ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गणेश गाड़ी चलाने का काम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# सवारी बनकर आए बदमाशों ने ड्राइवर-कंडक्टर को पीटा, बस के कांच फोड़े

**इंदौर।** इंदौर-उज्जैन मार्ग पर शनिवार रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। सवारी के बहाने बस रुकवाकर चार बदमाशों ने ड्राइवर और कंडक्टर के साथ बेरहमी से मारपीट की और बस में तोड़फोड़ कर दहशत फैला दी। बदमाशों ने 'एक्सीडेंट' का झूठा बहाना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया। सांवेर पुलिस ने चारों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, बस क्रमांक एमपी-70 झेडसी 7299 के ड्राइवर सतीश पोरवाल निवासी उज्जैन सवारियां लेकर इंदौर से उज्जैन की ओर जा रहे थे। रात करीब 9 बजे जैसे ही बस रिंगनोदिया और संजय नगर के बीच पहुंची, सड़क पर खड़े चार युवकों ने हाथ देकर बस रोकने का इशारा किया। ड्राइवर सतीश ने सवारी समझकर जैसे ही बस रोकी, चारों युवक ड्राइवर साइड गेट पर पहुंच गए। आरोपियों ने सतीश को जबरन ड्राइवर सीट से नीचे उतार लिया और चिल्लाने लगे कि 'तुम बस वाले एक्सीडेंट करके भाग रहे हो, आज तुम्हारी बस में तोड़फोड़ करेंगे।' इससे पहले कि सतीश कुछ समझ पाते, आरोपियों ने गालियां देते हुए उन्हें थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। जब बस कंडक्टर जय सोनगरा बीच-बचाव करने आया, तो बदमाशों ने उसे भी घेर लिया और लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में सतीश के चेहरे, पेट और कान पर चोट आई है, वहीं जय की कोहनी जख्मी हो गई है। मारपीट के बाद भी बदमाशों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने पत्थरों और डंडों से बस के सभी कांच और लाइटों में तोड़फोड़ कर दी, जिससे बस को काफी नुकसान पहुँचा है। अचानक हुए इस हमले से बस में सवार यात्रियों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। सांवेर पुलिस ने फरियादी सतीश पोरवाल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सुनील कुमार पिता श्री रमेश कुमार गंगवानी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003133317 पता 97 महात्मा गांधी मार्ग प्रकोष्ठ 101 इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **कुमारी टीना पिचोडवाल पिता राजेश पिचोडवाल, कुमारी पलक पिचोडवाल पिता श्री राजेश पिचोडवाल** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नम्बर 317-बी ऋषि पैलेस नगर इन्दौर पिन नं. 1003096319 सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**लक्ष्मणसिंह गौड झोन क्र. 15**
**( द्रविड नगर )**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती सोनम सुखवासिया पति श्री हेमंत सुखवालिया** द्वारा झोन 15 राजस्व विभाग पर सर्विस क्रमांक 1001243410पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 2 गुमाश्ता नगर फ्लेट क्र. 401 (भामाशाह अपार्टमेंट) के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 20.02.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.15 (द्रविड नगर) राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 15 द्रविड नगर**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## न्यूज इन बॉक्स

### कुलदीप व वैंकटेश की आक्रामक पारी से एमवायसीसी जीता

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत दूधिया रोशनी में एमवायसीसी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 3 विकेट के नुकसान पर 224 रनों का विशाल स्कोर खडा किया। कुलदीप गेही ने 33 गेंदों में 7 चौको व 4 छक्कों की मदद से आक्रामक 60 रन, आयपीएल खिलाडी व पूर्व भारतीय खिलाडी वैंकटेश अय्यर ने 34 गेंदो पर 2 चौके व 6 छक्के की मदद से आक्रामक 58 रन, अभिषेक यादव ने 33 गेंदो पर नाबाद 46 रन एवं चंचल राठौर ने मात्र 20 गेंदो पर 5 चौके व 3 छक्के की मदद से 44 रनों की उपयोगी पारी खेली । आयुष वर्मा ने 2 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम 19 ओवरो में सभी विकेट खोरक 122 रन ही बना पाई और यह मैच 102 रनो के विशाल अंतर से हार गई । मानवीर सिंह ने 27 गेंदों पर 42 रन बनाये। नयनराज मेवाडा ने 3 विकेट एवं वैंकटेश अय्यर ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 2 रन देकर 2 विकेट लिये।








### पाकिस्तान के मैच में अंपायरिंग करेंगे इंदौर के नितिन मेनन

**मुंबई ।** टी20 विश्व कप के सुपर-आठ चरण में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले मुकाबले के लिए अनुभवी अंपायर इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबरो और न्यूजीलैंड क्रिस गैफनी को मैदान पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी ने शुक्रवार को सुपर-8 के मैचों के लिए अंपायर के साथ ही रेफरी की घोषणा कर दी। वहीं इंग्लैंड के एलेक्स व्हार्फ थर्ड और न्यूजीलैंड के क्रिस ब्राउन फोर्थ अंपायर की भूमिक में होंगे। सुपर-आठ चरण की शुरुआत आज कोलंबो में ग्रुप-दो के मुकाबले से होगी, जहां पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के रॉड टकर और पॉल रेफेल मैदान पर अंपायरिंग करेंगे। टीवी अंपायर की भूमिका साउथ अफ्रीका के अल्लाहुद्दीन पालेकर निभाएंगे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के सैम नोगाज्स्की चौथे अंपायर होंगे।' आईसीसी के अनुसार टकर और नोगाज्स्की 28 फरवरी को कैंडी में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच में भी मैदानी अंपायर होंगे। वहीं, 24 फरवरी को उसी मैदान पर इंग्लैंड और पाकिस्तान के मुकाबले में नितिन मेनन के साथ नोगाज्स्की अंपायरिंग करेंगे। एड्रियन होल्डस्टॉक और अहसान रजा को रविवार को कैंडी में सह-मेजबान श्रीलंका और इंग्लैंड के मुकाबले तथा 27 फरवरी को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मैच के लिए मैदानी अंपायर नियुक्त किया गया है।




# अभिषेक कल का मुकाबला खेलेंगे या नहीं, अभी तय नहीं

**अहमदाबाद।** 2026 टी20 वर्ल्ड कप में अभिषेक शर्मा अब तक तीनों पारियों में 'जीरो' पर आउट हुए हैं। इस खराब फॉर्म के कारण उन संभावनाओं को तूल मिला है कि टीम मैनेजमेंट अभिषेक को प्लेइंग इलेवन से बाहर का रास्ता दिखा सकता है। सुपर-8 में भारत का पहला मैच 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा। उससे पहले टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने एक ही झटके में सब साफ कर दिया है।

भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने अभिषेक शर्मा के ड्रॉप होने की संभावना को लेकर कहा, अभिषेक शर्मा को ड्रॉप करने पर कोई भी चर्चा नहीं हुई है। हमें विश्वास है कि वो अच्छा करके दिखाएंगे। वो नेट्स में गेंद को बढ़िया तरीके से हिट कर रहे हैं, वो जरूर वापसी करेंगे। अभिषेक शर्मा ने अपने टी20 वर्ल्ड कप करियर की शुरुआत में अजब-गजब कीर्तिमान रच दिया है। पहले यूएसए, फिर पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के खिलाफ भी अभिषेक बिना खाता खोले आउट हो गए थे। बताया गया था कि यूएसए के साथ मैच में बीमार होते हुए भी अभिषेक बैटिंग करने उतरे थे। उसके बाद बीमारी के कारण नामीबिया के साथ नहीं खेल पाए थे। मगर वापसी के बाद भी दोनों मैचों में किस्मत उनके साथ नहीं रही।

अभिषेक शर्मा इस साल बहुत खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। पिछली 7 टी20 पारियों में वो पांच बार 'जीरो' पर आउट हुए हैं। इस साल 8 पारियों




में अभिषेक ने 182 रन बनाए हैं। पांच पारियों में खाता तक नहीं खोल पाएं। ऐसा नहीं है कि अभिषेक का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा है। बाकी 3 पारियों में उन्होंने 2 अर्धशतक समेत 182 रन बनाए हैं और इस साल उनका स्ट्राइक रेट अब भी 224 के ऊपर है।

## पाकिस्तान से मिलनी वाली चुनौती के लिए तैयार है न्यूजीलैंड

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के मध्यक्रम बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने आज कोलंबो में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप सुपर 8 मुकाबले से पहले कहा कि पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से उनकी टीम निपट सकती है। न्यूजीलैंड के मध्यक्रम बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने कोलंबो में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप सुपर 8 मुकाबले से पहले कहा कि पाकिस्तान के रहस्यमयी (अनोखे तरीके से गेंदबाजी करने वाले) स्पिनर उस्मान तारिक की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से निपटने में उनकी टीम के लिए आपसी मुकाबलों का अनुभव अहम भूमिका निभाएगा। सुपर 8 चरण के ग्रुप-दो के मैच में शनिवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। अगस्त 2024 से अब तक न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच वनडे और टी20 प्रारूपों में कुल 20 द्विपक्षीय मुकाबले खेले जा चुके हैं। चैपमैन का मानना है कि इन मैचों ने उनकी टीम को पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर ढंग से समझने में मदद की है। चैपमैन ने कहा, उस्मान तारिक का एक अलग तरह का एक्शन है, खासकर क्रीज पर रुककर गेंदबाजी करने का अंदाज अनोखा है और इसे ध्यान में रखना होगा। पाकिस्तान के पास उनके अलावा भी कई बेहतरीन स्पिनर है हर स्पिनर अपनी अलग चुनौती पेश करता है।

## जैपाल, प्रतीक, गौतम, सत्येंद्र, हरिओम, नितिन, अंकित सेमीफाइनल में

**इंदौर।** जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित सिम्बायोटेक ट्रॉफी 9वीं इंदौर जिला मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा में पी जैपाल और प्रतीक गुजराती ने 35+, गौतम अधिकारी और सत्येंद्र होल्कर ने 40+ एवं नितिन लश्करी, हरिओम राठौर, पीयुष गट्टानी और रोहित राजपूत ने 45+ पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हिमांशु जोशी ने स्पर्धा का उद्घाटन किया।



नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में अभिषेक भिड़े और गौतम चैधरी, देवेंद्र भिसेकर और सिद्धांत उपासक, अरुण प्रकाश और प्रशांत एवं अंकित मोहता और सत्येंद्र होल्कर ने 40+, प्रतीक गुजराती और विपुल बिंदल ने 35+, नितिन लश्करी और प्रकाश डोडेजा, दिनेश पाहुजा और विनोद आचार्य, अर्हिश व्यास और सचिन लालचंदानी एवं नित्वेश प्रकाश और पीयुष गट्टानी ने 45+ पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हिमांशु जोशी के मुख्य आतिथ्य और सिम्बायोटेक के निदेशक सुशील सतवानी की अध्यक्षता में स्पर्धा का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। न्यायाधीश हिमांशु जोशी और सतवानी बैडमिंटन भी खेले । वैशाली जोशी, रेसीडेंसी क्लब प्रबंधक शेखर तिवारी और प्रशिक्षक श्वेतांक वर्मा भी मौजूद थे । इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, मनीष त्रिवेदी कमलप्रीत कौर नैयर, दीपा व्यास, विपुल बिंदल, सिद्धांत उपासक ने अतिथियों का स्वागत किया, सुधांशु व्यास ने संचालन किया। 35+ पुरुष एकल के दूसरे दौर में पी जैपाल ने लोकेश भुमरकर को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 21-16,21-23, 28-26 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## इतने लोगों ने देखा था भारत-पाकिस्तान मैच

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में टीम इंडिया ने 61 रनों से एकतरफा जीत हासिल की थी। अब मुकाबले के करीब 5 दिन बाद एक बड़ा ही दिलचस्प वर्ल्ड रिकॉर्ड सामने आया। यह रिकॉर्ड आपको भी हैरान कर देगा। तो आइए जानते हैं कि आखिरी इस मैच का वर्ल्ड रिकॉर्ड क्या है।

दरअसल इस बार भारत-पाकिस्तान मैच में व्यूवरशिप का रिकॉर्ड टूट गया है। यह आईसीसी टी20 टूर्नामेंट के इतिहास में डिजिटली सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मुकाबला बन गया है। इस मुकाबले ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल को भी पछाड़ दिया है, जो भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया था। कथित तौर पर जियोस्टार ने बताया कि इस दफा भारत-पाकिस्तान मुकाबले को 163 मिलियन (16.30 करोड़) लोगों ने देखा। यह किसी भी आईसीसी टी20 टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे अधिक डिजिटल पहुंच है। पिछले यानी 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में भी भारत और पाकिस्तान के मुकाबला खेला गया था। उस मुकाबले से इस बार के भारत-पाकिस्तान मैच में 56% फीसद का जम्प देखने को मिला। सिर्फ मोबाइल पर ही यह आईसीसी टी20 टूर्नामेंट के लिए लीग स्तर पर सबसे ज्यादा दर्शकों तक पहुंचने का रिकॉर्ड बन गया, जो पिछले भारत-पाकिस्तान मुकाबले से 1.2 गुना ज्यादा था।

## जेकेए क्यू कराते परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**इन्दौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आयोजित प्रतिष्ठित जेकेए क्यू परीक्षा में सफलतापूर्वक भाग लेकर उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। यह परीक्षा विश्वप्रसिद्ध जापान कराते एसोसिएशन के मानकों के अंतर्गत संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन जेकेएडब्ल्यूएफ इंडिया, मध्य प्रदेश द्वारा इंदौर स्थित जेकेएडब्ल्यूएफ इंडिया मध्य प्रदेश होम्बू डोजो में किया गया। विश्व स्तर पर सम्मानित



जेकेए ग्रेडिंग प्रणाली तकनीकी शुद्धता तथा पारंपरिक शोतोकान कराते के उच्चतम मानकों के पालन के लिए जानी जाती है।

सफल विद्यार्थियों को जेकेए मुख्यालय, टोक्यो (जापान) से जारी आधिकारिक जेकेए क्यू प्रमाण-पत्र एवं जेकेए पासपोर्ट प्रदान किए गए, जो उनकी उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान करते हैं। यह परीक्षा जेकेएडब्ल्यूएफ इंडिया की तकनीकी समिति के सदस्य एवं अधिकृत जेकेए परीक्षक सेंसई अरिंदम सिकदर द्वारा जापानी मूल्यांकन पद्धति के अनुरूप संचालित की गई।

उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची में फोर्थ क्यू में अनिका खारीवाल, श्रेया सोनी, दैविक खंडेलवाल, अबीर गुप्ता, फिफ्थ क्यू में शिवांश वोरा, उर्वी वोरा, लाभ्या राय सोनी, केयन श्रीवास्तव, अदित्री जैन, एठ क्यू में सरस सूर्यवंशी, सुखमनी कौर, नाइन्थ क्यू में मानसवी मेहरा, निष्ठा भंडारी, नायरा पांचाल तथा टेंथ क्यू में रमांश खंडेलवाल रहे। यह सफलता विद्यार्थियों की सतत मेहनत, अनुशासन एवं सेंसई आकाश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन सिंधु सुधाकर मेंडके, प्राचार्य विस्टन गोमेज, प्रबंधक डी.एम. ठोकर ने खेल समन्वयक सीमांत श्रीवास्तव एवं प्रशिक्षक आकाश शर्मा के प्रभावी मार्गदर्शन की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सोशल मीडिया पर चाकू से केक काटते हुए वीडियो डालना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ प्रदर्शन कर दहशत फैलाने वाले युवाओं के विरुद्ध इंदौर पुलिस सख्त रुख अपना रही है। इसी कड़ी में पलासिया थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसका चाकू से केक काटते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वही धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है।



पलासिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम 'बड़ी ग्वालोटली' क्षेत्र में गुंडे-बदमाशों की चेकिंग और भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में दिख रहा युवक क्षेत्र में ही मौजूद है। वीडियो में युवक एक बड़े और धारदार चाकू से केक काटते हुए प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए इलाके की घेराबंदी की और संदिग्ध को हिरासत में लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम लकी पिता संजय सैनी, निवासी तिलक नगर मेन रोड बताया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से वही तेज धारदार चाकू बरामद हुआ जो सोशल मीडिया वाले वीडियो में दिखाई दे रहा था। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर इस हथियार को लेकर घूम रहा था, जिससे आमजन में भय का माहौल निर्मित हो रहा था।पलासिया पुलिस ने आरोपी लकी सैनी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# वकील को सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसाने की कोशिश

## वीडियो कॉल कर बनाई अश्लील क्लिप, मांगे रुपए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे कानून के जानकारों को भी अपना निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। एमआईजी थाना क्षेत्र में एक वकील के साथ सेक्सटॉर्शन जैसी साजिश रची गई। आरोपियों ने वकील का अश्लील एडिटेड वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया और मोटी रकम की मांग की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

फरियादी वकील ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उनके वॉट्सऐप पर एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल उठाने पर दूसरी तरफ से एक युवती की आवाज आई, जिसने कहा कि 'आप वकील हैं, मुझे एक केस के सिलसिले में आपसे चर्चा करनी है।' कॉल के दौरान वीडियो पूरी तरह ब्लर था और कुछ भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। कुछ ही सेकंड बाद कॉल कट गया। कॉल कटने के कुछ देर बाद वकील के मोबाइल पर उसी नंबर से एक वीडियो आया, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। आरोपियों ने वीडियो कॉल के दौरान वकील का चेहरा रिकॉर्ड कर लिया था और बाद में उसमें अश्लील क्लिप जोड़कर उसे आपत्तिजनक बना दिया। इतना ही नहीं, जालसाजों ने वकील के फेसबुक और इंस्टाग्राम फ्रेंड लिस्ट के स्क्रीनशॉट भी भेजे। आरोपियों ने वकील को धमकी दी कि 'यदि अपनी इज्जत बचाना चाहते हो तो तुरंत पैसे ट्रांसफर करो, अन्यथा यह वीडियो तुम्हारे सभी दोस्तों और रिश्तेदारों को भेज दिया जाएगा।' पीड़ित ने घबराने के बजाय मामले की सूचना तुरंत एमआईजी पुलिस को दी। एमआईजी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। साइबर सेल की मदद से उस नंबर को ट्रेस किया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट के पास ट्रांसफार्मर पर चढ़ा युवक 3 घंटे तक सांसें थामे रही पुलिस

## पुलिस की सूझबूझ से बची युवक की जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज अलसुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कलेक्ट्रेट स्थित पंचायत भवन के पास एक विक्षिप्त युवक जान देने की नीयत से बिजली के ऊंचे ट्रांसफार्मर पर जा चढ़ा। कड़ाके की ठंड और हल्की बूंदाबांदी के बीच करीब 3 घंटे तक यह हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों की लंबी समझाइश के बाद आखिरकार युवक सुरक्षित नीचे उतरा, तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। पंढरीनाथ पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच प्रभात गश्त के दौरान डायल 112 को सूचना मिली कि एक युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़ा है। मौके पर प्रधान आरक्षक नरेंद्र तिवारी, शैलेंद्र सेन, जितेंद्र सिसोदिया और आरक्षक वीरेंद्र की टीम पहुंची। युवक की पहचान धर्मेंद्र पिता सोहन बंसल(38), निवासी सागर के रूप में हुई। रेस्क्यू के दौरान युवक ने बिजली का तार पकड़ लिया, जिससे उसे करंट का जोरदार झटका भी लगा, लेकिन वह नीचे नहीं उतरा।जब पुलिस और लालबाग क्षेत्र में रहने वाले उसके परिजनों ने उसे नीचे उतरने के लिए मनाया, तो वह काफी डरा हुआ था। नीचे उतरते समय उसने पुलिस से पूछा'सर, मुझे पीटोगे तो नहीं?' इतना कहकर वह फिर ऊपर जाने लगा। पुलिस कर्मियों द्वारा उसे सुरक्षा का भरोसा दिलाने के बाद ही वह नीचे उतरा।

## पारिवारिक कलह और पत्नी से विवाद बना वजह

जांच में सामने आया कि धर्मेंद्र दो दिन पहले ही सागर से इंदौर काम की तलाश में आया था। वह अपनी पत्नी से तलाक और पारिवारिक विवाद के कारण गहरे मानसिक तनाव में है। युवक का दावा है कि अलसुबह जब वह बुआ के घर से निकला, तो रास्ते में किसी ने उसके साथ मारपीट की और कुत्ते पीछे पड़ गए, जिससे घबराकर और जीवन से तंग आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने युवक को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# बिना ओटीपी खाते से साफ हुए 1.34 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में सायबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक युवक के बैंक खाते से बिना ओटीपी साझा किए जालसाजों ने किस्तों में करीब 1 लाख 34 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने सायबर सेल की मदद से मामले की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी जुनैद पिता शब्बीर खान निवासी चंदन नगर के साथ यह घटना 16 फरवरी को हुई। जुनैद ने पुलिस को बताया कि वह शाम को घर पर था, तभी अचानक उसके मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। चौंकाने वाली बात यह रही कि जुनैद ने न तो कोई ट्रांजेक्शन किया था और न ही किसी को अपना ओटीपी बताया था। ठगों ने इतनी सफाई से हाथ साफ किया कि पहली बार में 99 हजार 999 रुपये, दूसरी बार में 30 हजार और तीसरी बार में 4 हजार रुपये खाते से निकाल लिए। इस तरह कुल 1 लाख 34 हजार रुपये की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की गई। पुलिस अब उन ट्रांजेक्शन लिंक्स को ट्रैक कर रही है जहाँ यह पैसा ट्रांसफर हुआ है।

# होटल के पास युवक पर हमला चाकू मारा और पत्थरों से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के लसूडिया थाना इलाके मे बायपास पर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी को रास्ते में रोका और उस पर चाकू व पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक पर अपनी बहन को परेशान करने का आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है।

पुलिस के मुताबिक, नया बसेरा छोटी खजरानी निवासी मुकेश कंचोले पिता गजानंद ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जब घर से बाहर निकला था, तभी दो युवक उसका पीछा करने लगे। जैसे ही फरियादी बायपास स्थित होटल गोल्डन लीफ के मेन गेट के पास ब्रिज पर पहुँचा, दोनों युवकों ने उसे रोक लिया और गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। फरियादी ने आरोप लगाया कि हमलावरों में से एक ने चाकू नुमा हथियार से उसकी बाईं पसली पर वार किया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं, दूसरे आरोपी ने पत्थर उठाकर उसके सिर पर दे मारा। इसी दौरान आरोपियों के अन्य साथी भी मौके पर पहुँच गए और सभी ने मिलकर फरियादी को हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटा। जब फरियादी के साथियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता और गाली-गलौज की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने फरियादी को चेतावनी देते हुए कहा कि 'तू हमारी बहन को परेशान करता है, आज तो तुझे जिंदा छोड़ रहे हैं लेकिन आइंदा कभी उसकी तरफ देखा तो जान से खत्म कर देंगे।' धमकी देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। लसूडिया पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# डिलीवरी बॉय का फ्रॉड..पार्सल में रखा मोबाइल लेकर हुआ फरार

इंदौर। भंवरकुआं इलाके में पोर्टर एप्लीकेशन के माध्यम से सामान डिलीवर करने वाले एक युवक द्वारा अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। आरोपी डिलीवरी बॉय ग्राहक का कीमती मोबाइल फोन लेकर गंतव्य तक पहुँचने के बजाय बीच रास्ते से ही गायब हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी शिवम पिता सुशील कुमार निवासी गणेशपुरी कॉलोनी ने बताया कि उनकी कंपनी के जरिए 'प्रियांशी कम्युनिकेशन' से एक राइड बुक हुई थी। इस पार्सल में एक मोबाइल फोन था जिसे श्रीराम नगर पालदा से रिसीव कर कनाड़िया पहुँचाया जाना था। यह जिम्मेदारी बाइक चालक डिलीवरी बॉय मनोज कुमार पिता कुबेर पाल सिंह, निवासी हरिसिद्धि नगर को सौंपी गई थी।आरोपी मनोज पालदा से पार्सल लेकर निकला तो सही, लेकिन वह कनाड़िया नहीं पहुँचा। जब काफी देर तक पार्सल की डिलीवरी नहीं हुई और संपर्क करने की कोशिश की गई, तो पता चला कि मनोज ने मोबाइल खुद ही रख लिया है और गायब हो गया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।